कृतज्ञता प्रकाश

सूनागम प्रकाशक समितिके आद्य स्तम्भ श्रीमान् शेठ विजयकुमार चुनीलाल फूलपगरके महान् कृतज्ञ हैं, जिन्होंने अपना न्यायसम्पन्न धन आगम प्रकाशनमे खुले हाथो व्यय किया है। आप बडे सुशील-सदाचारी-एक नारीव्रती और सरल प्रकृतिके भावुक-आत्मा हैं। अपनी प्रामाणिकतासे आपने राजस्थान की प्रतिष्ठाको चार चाद लगाये है। आपने पूना चतुर्मासमे साहित्य प्रचारमे अद्वितीय सेवा की है। आपकी भावना सदा यही रही है कि सुत्तागमे का प्रचार भारत देशके अतिरिक्त अन्तर-राष्ट्रोमे भी खूब ही हो। आपकी भावना कल्पवृक्षके समान फली फूली, और फारन-कन्ट्री मे सैकडो जगह यूनीवरसिटि और सेण्ट्रल-लाइब्रेरियो मे सुत्तागमे ने व्यापक होकर महा सन्मान पाया, वहाँ के प्रखर प्राकृतज्ञोने इसके स्वाध्यायमे निरत रहकर विज्ञानमे सरल प्रवेश पाया। यह सब आपकी सेवा सहायता एव सद्भावनाका परिणाम है।

प्रकाशक—

आभार प्रदर्शन

श्रीमान् नरभेराम मोरारजी महेताके हम बडे आभारी है, क्योकि आपने अवरनाथमे सुत्तागमे के प्रकाशनमे खूब हाथ बटाया है। आप नित्य समय पर सामायिक प्रतिक्रमणका लाभ लेते है। आपका विनीत स्वभाव आकर्षक है। आपका चरित्र देववन्द्य है। आप आगम-स्वाध्यायका निरन्तर लाभ लेते है। आप आध्यात्मिक रसके पूर्ण रसिक है। आपका जीवन योगियोका सा एकान्त सत्यमय और वैराग्यपूर्ण है। आप अनासक्तियोगके अनुभूत महामानव है। आपकी प्रामाणिकता विमको कम्पनीमे पारिजात सुगन्धके समान व्यापक है। आप ईमानदारीके सही अर्थमे अभूतपूर्व अश्रुतपूर्व देवता है। आपका आचार-विचार समदृष्टिकी तह तक पहुँचा है। आप सत्यनिरत और धर्मप्राण है। आपने सौराष्ट्रका सन्मान अपने चरित्र बलसे बढाया है। आपकी सहधर्मिणी लीलादेवी धर्म-विनय और सयम की उज्वल प्रतिमूर्ति है। आप दोनो इस युगके विजयकुमार और विजयकुमारी है। आपका श्रावकीय जीवन आत्ममार्जनकी ओर है।

प्रकाशक—

'सुत्तागमे' के बारेमें कुछ आवश्यक निवेदन

सुत्तागमे' (स्थानाङ्ग) के पाचवें स्थानमे पाच ज्ञान वर्णित हैं, जिनमें श्रुतज्ञानको इसलिये परमोपकारी माना है, कि इस के द्वारा अपने और परायेका उत्थान और कल्याण होता है। यह ज्ञान तीर्थंकरोकी वाणीका सग्रह है। यह समुद्रकी तरह अगाध होनेके कारण इसका माप छद्मस्थ-अज्ञ नही लगा सकता। १४ पूर्वका ज्ञान(दृष्टिवाद)परम्परा धारणासे इस समय विच्छेद माना है। शेष ११ अग सूत्र (आचार्य-गणि पिटक) ज्ञान भी कितना विशाल है, इसका वर्णन समवायाग सूत्रानुसार इस प्रकार है—

आचारांग—के दो श्रुतस्कन्ध, और १८००० पद सख्या हैं।

सूत्रकृतांग—में दो श्रुतस्कन्ध, और ३६००० पद हैं।

स्थानांग—में ७२००० पद हैं।

समवायाग—के पद १४४००० हैं।

भगवती—३६००० प्रश्नोत्तर और एकश्रुतस्कन्ध, १०० अध्ययन, १०००० उद्देशक, उतने ही समुद्देशक, और ८४००० पद सख्या है।

ज्ञाताधर्मकथाङ्ग—में २६ अध्याय, धर्मकथाके १० वर्ग, एक-एक धर्मकथागकी ५००-५०० आख्यायिका, एक-एक आख्यायिकामें ५००-५०० उपाख्यायिका, एक-एक उपाख्यायिकामें ५०० ५०० आख्यायिकोपाख्यायिकाएँ हैं, सब मिल कर साढे तीन करोड आख्यायिकाओंका योग है। इसके २६ उद्देशनकाल और उतने ही समुद्देशनकाल, और ५७६००० पद गणना है।

उपासकदशांग—में एक श्रुतस्कन्ध, १० अध्ययन, १० उद्देशनकाल, १० समुद्देशनकाल, और ११५२००० पद हैं।

अन्तकृद्दशाग—मे एक श्रुतस्कन्ध, दश अध्ययन, ७ वर्ग, १० समुद्देशनकाल, और २३०४००० पद सख्या है।

अनुत्तरोपपातिकदशाग—मे एक श्रुतस्कन्ध, १० अध्ययन, तीनवर्ग, १० उद्देशनकाल १० समुद्देशन काल,४६०८०००पद हैं।

प्रश्नव्याकरण—इसमे १०८ प्रश्न, १०८ उत्तर, एक श्रुतस्कन्ध, ४५ उद्देशनकाल, ४५ समुद्देशनकाल, ९२१६००० पद सख्या है।

विपाकश्रुत– इसमे २० अध्ययन, २० उद्देशनकाल, २० समुद्देशनकाल, १८४३२००० पद है।

दृष्टिवाद—इसके परिकर्म, सूत्र, पूर्वगत(पूर्व),अनुयोग और चूलिकाके भेद से पाच प्रकार है।

(नोट) काल दोप से समुद्रके समान अनन्तज्ञान समृद्ध इस महाग्रन्थ की विच्छित्ति हो चुकी है।

इस प्रकार यह 'सुत्तागमे' (सूत्र-शास्त्र-आगम प्रवचन-शास्त्रका मूलपाठ या जिसके अक्षर थोडे और अर्थ अधिक अगाध हो-(आगम-सिद्धान्त निश्चितार्थ एकवाक्यता-सूत्र, आप्त वाक्य द्वारा सम्प्राप्त-ज्ञान) अनादि अनन्त ज्ञानकी परम्परा की वस्तु है। इसे सभीने माना है। अनन्त कालसे इसका जीर्णोद्धार सर्वज्ञ द्वारा ही होता आया है।

सूत्रागम-अर्थागम और उभयागम इन तीनो मे वास्तवमे 'अर्थागम' को पहला आगम कहा जा सकता है। 'अत्थ भासइ अरहा' के न्याय से। क्योकि तीर्थंकर-अर्हत् सर्व प्रथम अर्थ का ही प्रतिपादन करते हैं(वस्तुका तथ्य बताते हैं), उसे फिर आगे गणधर या पूर्वधर पद्य-गद्यकी रचनासे गूथकर उसे सूत्रके रूपमे लाते हैं। फिर बहुत कालके उपरान्त उनके शिष्य-प्रशिष्य

मूल और अर्थको रोचक ढगसे जोडकर उभयागमका रूप देते हैं। इस प्रकार सूत्र और आगम एक ही हैं। इसके सम्बन्धमें महामानवोके द्वारा मन्थन किया जानेपर स्पष्ट माखन यह निकलता है।

आगम—गुरु परम्परासे प्रचलित, जीवादि तत्वो और पदार्थोका ज्ञान करानेवाला 'आगम' कहलाता है, और वह लौकिक और लोकोत्तर भेद से दो प्रकारका बताया गया है। अज्ञानी-मिथ्या धारणावालेका ज्ञान लौकिक-आगम है, और त्रिकालावाधित सर्वज्ञ-सर्वदर्शी द्वारा प्रतिपादित सम्यक्ज्ञान (पूर्वापर-अविरुद्ध, वादी प्रतिवादी द्वारा अकाट्य) लोकोत्तर-आगम है। वह द्वादशाङ्ग आचार्य-गणिपिटक कहलाता है।

अथवा—आगमके तीन प्रकार भी हैं, जैसे कि सूत्रागम, अर्थागम और उभयागम।

अथवा -आगमके अन्य रीतिसे भी तीन भेद किये गये हैं, अत्तागम(आत्मागम-आप्तागम), अन्तरागम और परम्परागम।

(१) अत्तागम (आत्मागम-आप्तागम) अपना (सर्वज्ञ द्वारा) रचा हुआ (स्वोपज्ञ रचना)।

(२) अनन्तरागम—गुरुओ(गणधरो)द्वारा रचा गया।

(३) परम्परागम—अनाद्यनन्त परम्परा से प्रचलित सार्वज्ञान।

१—तीर्थंकर अर्थागम-अर्थ(वस्तु-तथ्य या उसका सरला-तिसरल अभिप्राय)को प्रकाशमे लाते हैं, वही आप्तागम (आत्मागम)कहलाता है। उसी भावको गणधर(पिटकधर) सूत्रका रूप देते हैं। और वह "सुत्तागमे"(आप्तागम) प्रामाणिक शास्त्ररत्न समझा जाता है।

२—अर्थसे अनन्तरागम गणधर या आगे चलकर शिष्यो प्रशिष्यो द्वारा सजित सूत्र अनन्तरागम का रूप प्राप्त करता है।

३—फिर वही मन्थन-ज्ञान अर्थसे परम्परागम परा-अपरा ज्ञान कहलाने लगता है, इसके आगे (सूत्र और अर्थसे उपरान्त) कोई आप्तागम-आत्मागम अलग तथ्य नही होता, न ही अनन्तरागम ! केवल उसे सर्वसम्मत परम्परागम ही कहा जाता है।

यह लोकोत्तर-आगमका सही निष्कर्ष है, इसको अनुयोगद्वार सूत्रमे ज्ञानका गुण प्रमाण(प्रामाणिक)कहा गया है। इस अपेक्षा से प्रस्तुत सम्पादित 'सुत्तागमे' लोकोत्तरीय आगमका शुद्धपरम्परागम है। यह इतना अधिक शुद्धतम और निर्दोष है, कि सचमुच पूर्वापर विरोध रहित श्रुत इसी मे है। महावीर वाणी के परम श्रद्धालु महानुभाव इसे अपनायें और भव्य-प्ररिक्त ससारी हो कर सरल मनसे इसमे अहर्निश स्वाध्याय-निरत रह कर तीर्थंकर-नाम-गोत्र उपार्जन तकका लाभ प्राप्त करें।

प्रकाशकीय

कालके गर्भमे धर्म (वस्तुका स्वभाव) अनन्तकालसे दुर्गतिमे पडनेसे धारण-रक्षण करनेका अपना काम करता चला आ रहा है। वह(धर्म)कुछ नई वस्तु नही है, वह तो अनादि-अनन्त है। यह विराट् विश्व की उदर कन्दरामे शेषनागकी नाई फैला पडा है। साथ ही इसके जानने समझने वाले पुरुष भी उसी परम्परासे होते आये हैं। लोगोको जब-जब इसे जानने समझनेमे मन्दता आने लगती है तब तब यथा समय कोई न कोई महान् आत्मा अपने उपादानसे धर्मतत्वको जानने का निमित्त प्रस्तुत करता है। वह निमित्त कारण सादि सान्त होकर भी उपादानके साथ प्रवाह रूपसे अनाद्यनिधन है, और इसका साथी धर्म भी समकक्ष है।

बुराईके गढेमे पडनेसे बचानेवाला धर्म धर्मीके अन्तस्तलसे उद्‌भूत होता है और वह अपने निर्मल अन्तस्तलको लोगोके अन्त करण से इस प्रकार मिलादेता है, जैसे दियेके प्रकाश के साथ दिया।

वर्तमानकालमें महावीरने जगत्‌को अहिंसा, समकत्व और यथार्थ सत्यका जो सन्देश दिया है, उनके समकालीन बुद्धने भी लोगोकी वहमी नीन्द उडानेका यथासाध्य सहयोग दिया है। दो भुजाओकी तरह दोनो महामानवोंने मानव जगत् को असली तथ्य बताकर समत्वके मण्डल मे लाने का भागीरथ प्रयत्न किया है। एक ने तो अहिंसा सयम और तपसे जगत्‌का उद्धार किया, तब दूसरेने लोगोको अहिंसा और प्रेमके सूत्रमे बाधा, जनहित कार्य दोनो ने किया।

बुद्ध से पहले बुद्ध होने न होनेके बारेमे श्री राहुलने अपनी भूमिकामे स्पष्ट किया है। साथ ही उन्होने तेईसवें तीर्थंकर पार्श्वके विषय मे सूत्रकृतागसे ही सिद्ध करके ठीकसे दीवेकी तरह तीर्थंकर परम्परा बताई है।

'सुत्तागमे' पार्श्वापत्यकी चर्चा उत्तराध्ययनसूत्रसे लगाकर भगवतीसूत्र, सूत्रकृताग आदि तकमे मिलती है। बाईसवे अरिष्टनेमितीर्थंकर का वर्णन अन्तकृद्‌दशागमे, बीसवें मुनिसुव्रत तीर्थंकर का वर्णन भगवतीसूत्रमें, ऋषभदेव तीर्थंकर का चरित्र जम्बूद्वीपप्रज्ञप्ति और कल्पसूत्रमें तथा ज्ञाताधर्मकथागमें मल्लीनाथ तीर्थंकर का हाल बयान किया गया है।

ऋषभदेव-तीर्थंकर का कथन स्फुट या अस्फुटरूपसे सनातन पुराणोंमें भी वर्णित है। श्रीमद्भागवतपुराणम बहुत विस्तारके साथ लिखा है।

आदिनाथ अपरनाम ऋषभदेव तीर्थंकर के नाम लेवा कहीं

वावा आदमको उसीरूपमे बताते हैं, तब नाथ सम्प्रदायवाले अपने नौ आराध्य नाथोमे ओकारनाथ के बाद आदिनाथ कहकर आदिनाथको अपना दूसरा नाथ स्वीकार करते है, भाषा भेद हो सकता है पर भावमें एकता ही झलकती है।

तीर्थंकरोने अपने मान-प्रतीष्ठा बढानेके हेतु, या लोगोको सम्प्रदायके घेरेमे डालनेके उद्देश्यसे कोई काम नही किया, उन्होंने तो मानवधर्मका प्रकाश फैलाकर मानवको सत्य तथ्य-हिताचारके द्वारा उसके स्तरको ऊँचा उठानेका काम अपने सम्यक्ज्ञान और सम्यक् चरित्रसे किया है।

यहाँ तक कि(व्यावहारिक दृष्टि से)घरमे रहते हुये ऋषभदेव तीर्थंकरने उस समयके प्रकृतिके सरल, अबोध और भोले-भाले लोगोको खाना पकाना सिखाने, कपडे सीने, बरतन बनाने, हजामत करने, आदि शिल्पके साथ पढने-लिखने-गणित गिनने आदिका ज्ञान भी जनताका हित और उत्कर्ष ध्यानमे रखकर समझाया, उनमे मुतलक यह खयाल न था कि मैं ये धधेदारी के काम बता रहा हूँ, इसमे मुझे कुछ पारम्पारिकी क्रिया लगेगी, और चिरकाल तक लोग इन शिल्पोको काममे लाते रहेगे, और आगे वाले लोग इसे विज्ञान द्वारा बढायगे, इसमे मेरी आत्मा तक कुछ हानि-वृद्धि होगी या दोष आयगा। वे इस पचडेमे न पडे, उन्होने तो जनताको द्रव्य-भावसे ऊँचा उठाकर कर्म-भूमि बनाया। लोगोको कर्मवीरसे धर्मवीर तकका पाठ पढाकर मानवी आदर्श खडा किया। जोकि उस समयके आदमियोको उस पथका पथिक बनाना आवश्यक था।

तीर्थंकरोका इतिहास "सुत्तागमे" (सुखविपाक सूत्र) मे भरतक्षेत्रके बाहरी और दूरवर्ती क्षेत्रोंमे जैसे विदेहक्षेत्रमे भी युगबाहु जैसे विहरमान तीर्थंकरका वर्णन मिलता है, जोकि

मौलिक और महत्वपूर्ण है। हम पहले ही कह आये हैं कि तीर्थंकर-महामानव बाडे सिंघाडे बनानेका काम नही करते, वे तो आदर्श और तथ्यके वक्ता होते हैं। वे सबको समान उपदेश करते हैं। आचारागके आदेशानुसार वे तो तुच्छ और अतुच्छ सबको न्याय-सगत-सीधा-सरलमार्ग समझाकर लोगोके विचारोंके टुकडोको गोदकी तरह जोडते हैं।

'सुत्तागमे'(उपासक दशाँग सूत्र)मे सकडाल और महावीरके सवादसे यही प्रमाणित होता है। सकडाल एक करोडपति प्रजापति(कुम्हार)है। वह पुरुषार्थको न मानकर 'एकान्त होनहार' को मानता है। इसी विचारके बारेमे महावीर पूछते हैं कि सकडाल ! ये बरतन कैसे बनते हैं ?

वह बरतन बनानेकी सारी विधि-परम्पराको दोहराकर अन्तमे होनहारका छौक लगाता है, और कहता है कि मट्टीकी होनहार बरतन बननेके रूपमे होने की थी।

भगवान् बोले कि यदि कोई तेरी दुकानमे घुसकर इन करीनेसे रक्खे बरतनोको फोडने लगे तो तू क्या समझेगा ?

उसने कहा-उसे ऐसा करनेसे रोकू, स्वय व्यवहार-नीतिके अनुसार दण्ड दू, और सत्तासे दण्डित भी कराऊ।

भगवान्ने फर्माया, तब क्या यह घटना होनहारसे बाहर हुई है ?

अरे ! तेरी स्त्रीसे कोई बलात्कार करे तो उस समय तू क्या करेगा ?

उत्तर—उसको तो मैं जानू ही मार डालू, और यदि मेरे हाथसे बच जाय तो प्राणदण्ड दिलवाऊँ।

भगवान्-क्या यह होनहारसे अलग कुछ नई बात हुई है ?

बस वह इन सीधी, वाणीविलास रहित सरल युक्तिसे पुरुषार्थकी धार पर आकर टिक जाता है और पुराने अन्ध विश्वासकी ढोकरोंसे बच कर पुरुषार्थका राजमार्ग पा लेता है।

इसी प्रकार पार्श्वापत्य केशीकुमार श्रमण परदेशी राजाके प्रकरण(सुत्तागमे-राय प्रसेणी-सूत्र)मे युक्ति प्रमाण और दलीलो से परदेशीको नास्तिक-धारणासे हटाकर उसे सरल-पथका राही(आस्तिक-प्रामाणिक-अहिंसापरायण-समदृष्टि-न्याय-यशील)बनाकर लोगोकी एक अन्यायी शासक से जान छुडवाते हैं। यानी मानव-प्रेमका पुजारी-समदृष्टि श्रावक बना देते हैं।

महामानव तो लोगोको जातिवाद-सम्प्रदायवाद पक्षवाद-अज्ञानवाद-वाह्याभ्यन्तरद्वन्द्व एव भ्रमणासे उबार लेते है। 'सुत्तागमे' के बत्तीस सूत्रोमे यह सब ठौर-ठौर पर प्रतिपादन किया है। इसी प्रकार बुद्धने भी दुनियादारोको एक मानवी जातिके सूत्रमें पिरोनेका काम किया है।

"शोणदण्ड प्राध्यापक और बुद्धके सवाद से भी यही परिणाम निकलता है कि उस ब्राह्मण युगमें बुद्धने लोगोको जाति-जालके पचडेसे निकालकर उन्हे सर्वजाति-समभाव तथा अहकार रहित एकताके क्षेत्रमे रहनेका मानवी सन्देश देकर व्यवहार धर्मकी खरी कसोटी करके ही खरा माल तोला। उन्होने सिद्ध कर दिखाया कि ब्राह्मण जाति, रूप, और धनसे न हो कर ज्ञान और चरित्रसे है। जिसे उस समय के करोडो आदमियोंने डकेकी चोटसे मान लिया। अहिंसा और प्रेमकी सही प्रेरणाने उनको आपसमें मिश्री-दूधकी तरह मिलाकर सरस बना दिया। ठीक ही है महापुरुष लोगोंके मनोको मिलाते हैं, तोडते नही।"

अगरचे अवतार इसी अनुसन्धानके लिये जगत्के सामने हैं, परन्तु उनके प्रगट होनेमे जो विशेषता है उसे जाननेकी

आवश्यकता है। अवतार और तीर्थंकरमे यही अन्तर है कि वे ऊपरसे नीचे उतरते हैं, तब तीर्थंकर नीचेसे ऊपर(सिद्धगति-अपुनरावृत्तिधाम)को जाते हैं। उनके काम भी जनता को अभयदान देनेवाले उपयोगी और ऊँचे होते हैं।

जैसे, कि—भगवान् ऋषभदेव पहले तीर्थंकरके बडे पुत्र भरत चक्रवर्तीने अपने से छोटे अठानवें राजा)भाईओसे कहा कि अब से आगे तुम सब मेरे ही अधिकारमे रहकर मेरी आन-दान मानो, क्योंकि मैं अब सार्वभौम-शासक हू, अत मेरे दास होकर रहो। उत्तरमे उन्होंने दास बननेसे इकार करके(अपने पिता)ऋषभदेव तीर्थंकर की सेवामे आकर भरतकी शिकायत की। तथा दास न बननेका विचार प्रकट किया। तब भगवान् ऋषभदेव तीर्थंकरने अपने अठानवें पुत्रोको युद्धकी सम्मति न देकर ससारसे विरक्ति दिलाकर श्रमण बननका मार्ग सुझाया, और वे सबके सब(तीर्थंकर की आज्ञा मानकर)श्रमण हो गये।

सोलहवें — शान्तिनाथ तीर्थंकरने शान्तिके पाने का राजमार्ग सडियल-सत्ता छोडकर आरम्भ परिग्रहसे मुक्त होकर परम शान्ति पाना बताया।

उन्नीसवे — मल्लीनाथ-तीर्थंकर(सुतागमे ज्ञाता धर्मकथा सूत्र)के कथानुसार यदि उनकी शिक्षा का अनुसरण किया जाये तो लोगो मे अराजकता ही न आने पाये, और समत्व-समाधि तथा प्रामाणिकता की पुष्टि हो। उन्होंने बाहर से युद्ध के लिये आये छ मित्र राजाओ को यह बोध(परामर्श) दिया कि तुम छहों मात्र एक स्त्री के अपावन देह पिण्ड मे आसक्त होकर क्यो नर सहार मचाने आये हो। औरत के बाहरी रूप-रग को न देखकर यदि उसके भीतरी भाग को अन्तर दृष्टि से जानोगे तो उसे अपावन और घिनावनी वस्तु पाओगे। जिस पर कोई भी बुद्धिमान् मोहित न होगा। उनका

अनासक्त प्रद वोध सुनकर उन्हे आत्मभान हुआ। वे युद्ध और विवाह के विचार से मुक्त होकर श्रमण की दिशा मे जाकर गणधर पद विभूषित हुये।

बीसवें—मुनिसुव्रत तीर्थंकर ने आत्म दमन पूर्वक शान्ति सोपान पर चढने की सम्मति प्रदान की।

बाईसवें—अरिष्टनेमि तीर्थंकरने विवाह के लिए जाते जाते मार्ग मे रोककर वाधे गये पशुओंकी पुकार पर ध्यान देकर उन्हें बन्धनमुक्त कराकर आप सदा के लिए योगी और वशी हो गये।

तेईसवे—पार्श्वनाथ तीर्थंकर किसी छोटी सी सूखी झील मे बड तले (समाधि-ध्यानावस्था मे) खडे थे, उनके विरोधी मेघ माली देवने अप्रसन्न होकर असीम पानी बरसाया और वह नाक तक आ गया पर वे अपने शुक्लध्यान मे मगन रहे, न हिले न डुले न विरोधी पर किसी प्रकार का दुर्भाव ही आने दिया, रोष तो उनमे कब उपजने वाला था। समदर्शिता का कितना अच्छा नमूना सिद्ध हुये अन्त मे अपराधी को भी क्षमादान दिया।

चौबीसवें—महावीर तीर्थंकर श्रमण अवस्था मे पेढाल उद्यान मे समाधिस्थ थे। और सगम विरोधी देवने बुरी धारणा से प्रेरित होकर उनको बडी बडी यातनाय दी, वह भी छ मास तक देता रहा, पर महावीर तीर्थंकर अणुमात्र भी विचलित न हुये। वह अन्त मे हार कर जाने लगा, कुछ दूर जाकर मुडकर देखा तो उनके आखो से आंसु की बूंद ढुलक रही थी। वह कौतुहल वश वापस आकर बोला कि भट्टारक! अब तो मैं तुम्हारा पीछा छोडकर जा रहा हूँ, तुम्हे अब क्या कष्ट क्या हुआ है?

महावीर—तुम छ मास मुझ पर उपसर्ग व आक्रमण करते रहे पर मैं तुम्हारी इस बुरी धारणा को न बदल सका। जड लोह को जड पारसमणि अपने स्पर्श से उसे सुवर्णता देता है,

पर मैं तुम्हारी हिंसक-क्रूर प्रकृति को दयालुता मे न बदल सका यही एक अर्मान है। सगम लज्जित मुख से खिसक गया, पर वह यातनायें देकर भी उन्हे चलायमान तो न कर सका। वे भी उसको असीम अवज्ञाओ पर जरा भी गर्म न हुये प्रत्युत समभावस्थ ही रहे।

ऐसे उत्तम समता के योगी, सन्मार्ग दर्शक पीछे अनन्त तीर्थंकर हो चुके हैं, आगे भी होगे, उनकी निष्पक्ष उपकारिणी वाणी से अनन्तानन्त लोगो ने दुराग्रह-बुराइयोके सागरसे पार भी पाया।

हमारे लायक मित्र त्रिपिटकाचार्य महापण्डित राहुल साकृत्यायनने महावीर-तीर्थंकरके उपदेश(सूत्रकृताङ्ग)का सरल-हिन्दी भाषाकी बोलचालमे अनुवाद करनेका यथाक्षयो पशम प्रयत्न किया है, देशकालके अनुसार मलजालका यह कितना अच्छा स्वर्णयुग है कि इसमे एक भिन्न विचारक दूसर भिन्न विचारककी धारणा-मान्यताओको अपनी राष्ट्रीय-लोक भाषामे प्रस्तुत करना है, यह अमूल्य सेवा कितनी गौरवपूर्ण वस्तु है। पहले भी कई अच्छे लोगोमे ऐसी ही विचारसरणी पाई गई है। जैसे कि पाणिनि ऋषि शाकटायन ऋषिकी रीतिको अपने व्याकरणमे दर्ज करते है, और गार्ग्य-गालव ऋषिके मतको कदर करके उसे पसद करते हैं, और अपनाते हैं। उन्होंने इसे शिष्टाचार और ग्रन्थका गौरव भी माना है। इसी भाँति यह युग भी राग-द्वेष मिटाकर गुण ग्रहणतापूर्वक परस्पर मिलनेका युग है। न कि खीचातानी का। प्रो० दिलमहम्मदने गीताको खालिस उर्दू-शायरीमे रगकर उसे दिलकी-गीता बनाया, और लोगोने उसे चावसे अपनाया।

श्रीमान् राहुलने सूत्रकृतागका अनुवाद करते समय स्वाध्याय-चिन्तन-मनन-निदिध्यासन पूर्वक इसकी टीका-चूर्णी-भाष्य-वृत्ति-अनुवाद आदिकी भी आँखें देखी हैं। यदि स्वाध्याय

पर मैं तुम्हारी हिंसक-क्रूर प्रकृति को दयालुता मे न बदल सका यही एक अर्मान है। सगम लज्जित मुख से खिसक गया, पर वह यातनायें देकर भी उन्हे चलायमान तो न कर सका। वे भी उसकी असीम अवज्ञाओ पर जरा भी गर्म न हुये, प्रत्युत समभावस्थ ही रहे।

ऐसे उत्तम समता के योगी, सन्मार्ग दर्शक पीछे अनन्त तीर्थंकर हो चुके हैं, आगे भी होगे, उनकी निष्पक्ष उपकारिणी वाणी से अनन्तानन्त लोगो ने दुराग्रह-बुराइयोके सागरसे पार भी पाया।

हमारे लायक मित्र त्रिपिटकाचार्य महापण्डित राहुल साङ्कृत्यायनने महावीर-तीर्थंकरके उपदेश(सूत्रकृताङ्ग)का सरल हिन्दी भाषाकी बोलचालमे अनुवाद करनेका यथाक्षयोपशम प्रयत्न किया है, देशकालके अनुसार मेलजाल०। यह कितना अच्छा स्वर्णयुग है कि इसमे एक भिन्न विचारक दूसर भिन्न विचारककी धारणा-मान्यताओको अपनी राष्ट्रीय-लोक भाषामे प्रस्तुत करना है, यह अमूल्य सेवा कितनी गौरवपूर्ण वस्तु है। पहले भी कई अच्छे लोगोमे ऐसी ही विचारसरणी पाई गई है। जैसे कि पाणिनि ऋषि शाकटायन ऋषिकी रीतिको अपने व्याकरणमे दर्ज करते हैं, और गार्ग्य-गालव ऋषिके मतको कदर करके उसे पसद करते हैं, और अपनाते हैं। उन्होंने इसे शिष्टाचार और ग्रन्थका गौरव भी माना है। इसी भाँति यह युग भी राग-द्वेष मिटाकर गुण ग्रहणतापूर्वक परस्पर मिलनेका युग है। न कि खीचातानी का। प्रो० दिलमहम्मदने गीताको खालिस उर्दू-शायरीमे रखकर उसे दिलकी-गीता बनाया, और लोगोंने उसे चावसे अपनाया।

श्रीमान् राहुलने सूत्रकृतागका अनुवाद करते समय स्वाध्याय-चिन्तन-मनन-निदिध्यासन पूर्वक इसकी टीका-चूर्णी-भाष्य-वृत्ति-अनुवाद आदिकी भी आँखें देखी हैं। यदि स्वाध्याय

प्रेमियोने इसे अपनाया और इसके स्वाध्यायके द्वारा चरित्र सगठन और मनोबलका विकास किया तो इसके प्रकाशनका प्रयास सफल समझा जायगा।

इसके अतिरिक्त 'सूत्रागम प्रकाशक-समिति'ने अपने पवित्र ३२ सूत्र आगमोको 'सुत्तागमे' मे बरसो पहले(मूल अर्धमागधी मे)छपवाकर भारतीय यूनीवरसिटिके अलावा आन्तर-राष्ट्री की यूनिवरसिटियों और सेन्टरलाइब्रेरियोमे भी अमूल्य भेजा है। वहाके प्राकृत-सस्कृत-पालीके प्रखर-निष्पक्ष विद्वानोने इसे पढकर बडी कदर की है। तथा श्रद्धा-भक्तिपूर्वक इस ग्रन्थराज का अथ से अन्त तक खूब स्वाध्याय किया है, तथा अपने पत्रो-प्रमाणपत्रोमे 'सुत्तागमे' की बडी ही प्रतिष्ठाके साथ मुक्तकण्ठसे सराहना की है। उनके पत्रोका सग्रह विद्यमान है, अवकाश पाकर आपके मनोगृह तक पहुचानेका यथाशक्य प्रयत्न किया जायगा।

'सुत्तागमे' के समान अब अर्थागमके प्रकाशनका काम चालु है। आचाराग(पहला श्रुतस्कन्ध,),उपासक-दशाग, विपाकश्रुत, निरयावलिका पचक आदि तो प्रकाशित हो ही चुके हैं। अब यह सूत्रकृतागसूत्र हिन्दी आपके सुन्दर कर कमलोमे अर्पित है। इस आध्यात्मिक-दार्शनिक सूत्रके स्वाध्यायसे हमे आशा है आप व्यापक लाभ लेंगे। इसकी सरल हिन्दी आपके मनको मुरलीकी तानकी तरह मोह लेगी। तथा आगेकेलिये प्रश्न-व्याकरण और रायपसेणीके अनुवाद तैयार होकर कुछ ही दिनोमे छपनेकेलिये प्रेसमे पहुचने वाले हैं। विद्युद्वेगसे काम चालु है। आपका स्वाध्याय प्रेम यदि हमारे लिये वरदान स्वरूप बन कर बढता रहा तो हम उसके सहारे यथासम्भव कुछ ही वर्षोमे अर्थागमके शेष सूत्र भी प्रकाशमे ले आयगे, और आपकी स्वाध्याय एव साहित्य सेवा पुष्कल रूपमें कर पायगे।

भूमिका

पालि पिटकोंका भारतके समकालीन धर्म और भूगोल आदिके ज्ञानमे जैसे बड़ा महत्व है, वैसे ही जैन आगमोंका भी बड़ा महत्व है। इस प्रकार उनका सनातन महत्व बहुतसे वैसे लोगोंके लिये भी है, जिनका धर्मसे विशेष सम्बन्ध नहीं हैं। भारतके इतिहासकी ठोस सामग्री उसी समयसे मिलती है, जब कि महावीर और बुद्ध हुये, और वह दोनोंके पिटकोमे सुरक्षित है। दोनो पिटकोंमें बौद्ध पिटक बहुत विशाल है. ३२ अक्षरके श्लोकोमे गणना करने पर उनकी संख्या चार लाखसे अधिक होगी, जैन (आचार्य-गणि) पिटक (कानदोपसे) ७२००० श्लोक हैं।

दोनों की परम्परा उनकी भाषा मागधी बतलाती है, जिसका अर्थ यही है, कि महावीर और बुद्धके समय जो मागधी बोली जाती थी, दोनों महापुरुषोंके उसीमे (उस समयकी लोकभाषामे) उपदेश हुये थे। पर ग्रन्थ तो उस समय लिखे नहीं गये, केवल गुरुसे सुनकर उन्हें शिष्योंने धारण किया। धारण करते पालि पिटकको (बौद्ध पालि पिटक को) २४ पीढ़ी और जैन पिटकको २९ पीढ़िया बीत गईं, तब उन्हें लेखबद्ध किया गया। इस सारे समयमें पिटकधरोंकी भाषाका प्रभाव पड़ता रहा।

भगवान् महावीरका जन्म-स्थान वैशाली और भगवान् बुद्धका जन्म-स्थान लुम्बिनी (।) रुम्मिनदेई बिहार और उत्तरप्रदेश के दो प्रदेशोंमे है। हर जिला लेने पर वैशाली आधुनिक बसाढ़ मुजफ्फरपुर जिलेमें है, जहाँ से पश्चिममे चलने पर सारन, देवरिया फिर गोरखपुरकी सीमाके पास ही रुम्मिनदेई नेपालकी तराईमे पड़ती है। मील

प्रेमियोने इसे अपनाया और इसके स्वाध्यायके द्वारा चरित्र सगठन और मनोबलका विकास किया तो इसके प्रकाशनका प्रयास सफल समझा जायगा ।

इसके अतिरिक्त 'सूनागम प्रकाशक-समिति'ने अपने पवित्र ३२ सूत्र-आगमोको 'सुत्तागमे' मे वरसो पहले(मूल अर्धमागधी मे)छपवाकर भारतीय यूनीवरसिटिके अलावा आन्तर-राष्ट्री की यूनिवरसिटियों और सेन्टरलाइब्रेरियोमे भी अमूल्य भेजा है। वहाके प्राकृत-सस्कृत-पालीके प्रखर-निष्पक्ष विद्वानोने इसे पढकर वडी कदर की है। तथा श्रद्धा-भक्तिपूर्वक इस ग्रन्थराज का अथ से अन्त तक खूब स्वाध्याय किया है, तथा अपने पत्रो-प्रमाणपत्रोमे 'सुत्तागमे' की वडी ही प्रतिष्ठाके साथ मुक्तकण्ठसे सराहना की है। उनके पत्रोका सग्रह विद्यमान है, अवकाश पाकर आपके मनोगृह तक पहुचानेका यथाशक्य प्रयत्न किया जायगा ।

'सुत्तागमे' के समान अब अर्थागमके प्रकाशनका काम चालु है। आचाराग(पहला श्रुतस्कन्ध,),उपासक-दशाग, विपाकश्रुत, निरयावलिका पचक आदि तो प्रकाशित हो ही चुके हैं। अब यह सूत्रकृतागसूत्र हिन्दी आपके सुन्दर कर कमलोमे अर्पित है। इस आध्यात्मिक दार्शनिक सूत्रके स्वाध्यायसे हमे आशा है आप व्यापक लाभ लेंगे। इसकी सरल हिन्दी आपके मनको मुरलीकी तानकी तरह मोह लेगी । तथा आगेकेलिये प्रश्न-व्याकरण और रायपसेणीके अनुवाद तैयार होकर कुछ ही दिनोमे छपनेकेलिये प्रेसमे पहुचने वाले हैं। विद्युद्वेगसे काम चालु है। आपका स्वाध्याय प्रेम यदि हमारे लिये वरदान स्वरूप वन कर वढता रहा तो हम उसके सहारे यथासम्भव कुछ ही वर्षोमे अर्थागमके शेप सूत्र भी प्रकाशमे ले आयगे, और आपकी स्वाध्याय एव साहित्य सेवा पुष्कल रूपमें कर पायगे।

भूमिका

पालि पिटकोंका भारतके समकालीन धर्म और भूगोल आदिके ज्ञानमे जैसे बड़ा महत्व है, वैसे ही जैन आगमोका भी बड़ा महत्व है। इस प्रकार उनका सनातन महत्व बहुतसे वैसे लोगोंके लिये भी है, जिनका धर्मसे विशेष सम्बन्ध नहीं हैं। भारतके इतिहासकी ठोस सामग्री उसी समयसे मिलती है, जब कि महावीर और बुद्ध हुये, और वह दोनोंके पिटकोमे सुरक्षित है। दोनो पिटकोंमे बौद्ध पिटक बहुत विशाल है, ३२ अक्षरके श्लोकोंमे गणना करने पर उनकी सख्या चार लाखसे अधिक होगी, जैन (आचार्य-गणि) पिटक (कान्-दोपसे) ७२००० श्लोक हैं।

दोनों की परम्परा उनकी भाषा मागधी बतलाती है, जिसका अर्थ यही है, कि महावीर और बुद्धके समय जो मागधी बोली जाती थी, दोनों महापुरुषोंके उसीमे (उस समयकी लोकभाषामे) उप-देश हुये थे। पर ग्रन्थ तो उस समय लिखे नही गये, केवल गुरुसे सुनकर उन्हें शिष्योने धारण किया। धारण करते पालि पिटकको (बौद्ध पालि पिटक को) २४ पीढी और जैन पिटकको २६ पीढिया बीत गई, तब उन्हें लेखबद्ध किया गया। इस सारे समयमे पिटकधरोंकी भाषाका प्रभाव पडता रहा।

भगवान् महावीरका जन्म-स्थान वैशाली और भगवान् बुद्धका जन्म-स्थान लुम्बिनी (।) रुम्मिनदेई बिहार और उत्तरप्रदेश के दो प्रदेशोमे है। हर जिला लेने पर वैशाली आधुनिक बसाढ मुजफ्फरपुर जिलेमें है, जहाँ से पश्चिममें चलने पर सारन, देवरिया फिर गोरखपुरकी सीमाके पास ही रुम्मिनदेई नेपालकी तराईमे पडती है। मील

सीधा लेने पर वैशालीसे लुम्बिनी २५० मील पश्चिमोत्तर दिशामे है। आज भाषा दोनो जगहकी एक ही है, मात्र अन्तर इतना ही है कि वैशालीमे बहुत हल्कासा मैथिली भाषाका प्रभाव पडता दीखता है, जब कि रुम्मिनदेईमे बहुत हल्कासा प्रभाव अवधी कौसलीका है। दोनो जगह भोजपुरी बोली जाती है।

आज की मगही प्राचीन मागधीकी सन्तान है। भोजपुरीको भी विद्वान् उसीकी सन्तान मानते हैं। प्राचीनकालमे इनका अन्तर और कम रहा होगा। बुद्ध और महावीर एक ही भाषा बोलते रहे होंगे। जो बदलते-बदलते ईसापूर्व तीसरी सदीमे अशोकके पूर्वी अभिलेखो की भाषा बन गई, जिसे पालि नाम दे दिया गया है। ईसवी सन् के आरम्भके साथ प्राकृत भाषा आन उपस्थित होती है, जिसकी बोल-चालकी भाषाका नमूना किसी अभिलेखमे नही पाया जाता, पर उसका साहित्यिक नमूना बहुत मिलता है। पालि त्रिपिटक पालि काल ही मे ··· हाँ उसके अन्तमे लेखबद्ध हुये, इसलिये वहा पुराने रूप मिलते हैं, जैनागम प्राकृत कालमे लिपिबद्ध हुये, इसलिये उनको अर्धमागधीमे होना ही चाहिये। दोनोंकी भाषाओ पर पिटकधरों की भाषा का प्रभाव है, इसलिये पालि पिटक की भाषा मागधी पालिकी अपेक्षा सौराष्ट्री-महाराष्ट्री पालिके समीपम है, और जैन आगमो की मागधी सौरसेनी-महाराष्ट्री प्राकृतके समीप है।

पालि पिटक पर काल और देशका प्रभाव पडा है, पर इसमे सन्देह नहीं, बुद्धकी वाणी इसीमे सुरक्षित है, वही बात जैन आगमों के बारेमे भी है। महावीरकी वाणी जैन आगमोमे ही है। पालि त्रिपिटक सिंहल, बर्मी, और रोमन लिपियोंमें प्राप्य था, अब तो नवनालन्दाविहारसे नागरीमें भी प्राय. सारा निकल चुका है। जैन आगमके अलग-अलग भाग अलग-अलग स्थानोंसे निकले थे, जिनमें कितने ही दुर्लभ भी हो गए, श्रीपुष्फ

भिक्खूने सारे (वर्तमान) जैन पिटक सुत्तागम (।) को दो भागोंमें मुद्रित कराके सुलभ कर दिया। मैं बहुत दिनोंसे उन्हें संग्रह करना चाहता था, पर ऊपर लिखी दिक्कतोंके कारण आशा नहीं रखता था, कि उन्हें देख सकूंगा।

आगम शब्द बौद्धोंमें भी सुपरिचित है। जैसे तीर्थंकरके प्रवचनको आगम कहते हैं, वैसे ही बुद्धवचनका भी वही नाम है, सूत्र पिटकके भिन्न भिन्न भाग दीर्घ आगम, मज्झिम आगम, संयुक्त आगम और क्षुद्रक आगम कहे जाते हैं, पालि वाले उन्हें निकाय नामसे कहना अधिक पसन्द करते हैं, पर सर्वास्तिवाद-स्याद्वादवाले आगम नाम ज्यादा पसन्द करते थे। विनय पिटकको आगम या निकाय नहीं कहा जाता था।

दोनों धर्मोंमें सुत्तका संस्कृत रूप सूत्र

दोनो जगह सुत्त का संस्कृत रूप सूत्र स्वीकार किया गया है, पर यह समय ईसा-पूर्व छठवीं सदी सूत्र कहनेका समय नहीं था, सूत्र उसके बाद रचे गये। उस समय ऋग्वेदके सूक्तका प्रवाह था इसलिये महावीर और बुद्धके मुँहसे निकले सूक्त ही थे, जिन्हें सूत्र कहा गया। जो कि जैन सूत्रागम और बौद्ध सूत्रपिटकके स्थान पर हैं।

सुत्तागम के अंग-उपांगके प्रकारसे दो भेद हैं, उपलब्ध अंगोंकी संख्या निम्न ग्यारह हैं—

आचार—आयारे, सूत्रकृत्-सूयगडे, स्थानम्-ठाणे, समवाय—समवाये, भगवती=विवाहप्रज्ञप्ति-भगवई विवाहपण्णत्ती, ज्ञाताधर्मकथा-णायाधम्मकहाओ, उपासकदशा-उवासगदसाओ, अन्तकृद्दशा-अंतगडदसाओ, अनुत्तरोपपातिकदशा-अणुत्तरोववाइयदसाओ, प्रश्नव्याकरण-पण्हावागरणं, विपाकसूत्र विवागसुय।

सीधा लेने पर वैशालीसे लुम्बिनी २५० मील पश्चिमोत्तर दिशामे है। आज भाषा दोनो जगहकी एक ही है, मात्र अन्तर इतना ही है कि वैशालीमे बहुत हल्कासा मैथिली भाषाका प्रभाव पड़ता दीखता है, जब कि रुम्मिनदेईमे बहुत हल्कासा प्रभाव अवधी कौसलीका है। दोनो जगह भोजपुरी बोली जाती है।

आज की मगही प्राचीन मागधीकी सन्तान है। भोजपुरीको भी विद्वान् उसीकी सन्तान मानते हैं। प्राचीनकालमे इनका अन्तर और कम रहा होगा। बुद्ध और महावीर एक ही भाषा बोलते रहे होंगे। जो बदलते-बदलते ईसापूर्व तीसरी सदीमे अशोकके पूर्वी अभिलेखो की भाषा बन गई, जिसे पालि नाम दे दिया गया है। ईसवी सन् के आरम्भके साथ प्राकृत भाषा आन उपस्थित होती है, जिसकी बोल-चालकी भाषाका नमूना किसी अभिलेखमे नही पाया जाता, पर उसका साहित्यिक नमूना बहुत मिलता है। पालि त्रिपिटक पालि काल ही मे ''' हाँ उसके अन्तमे लेखबद्ध हुये, इसलिये वहाँ पुराने रूप मिलते हैं, जैनागम प्राकृत कालमे लिपिबद्ध हुये, इसलिये उनको अर्धमागधीमे होना ही चाहिये। दोनोंकी भाषाओ पर पिटकधरों की भाषा का प्रभाव है, इसलिये पालि पिटक की भाषा मागधी पालिकी अपेक्षा सौराष्ट्री-महाराष्ट्री पालिके समीपमे है, और जैन आगमो की मागधी सौरसेनी-महाराष्ट्री प्राकृतके समीप है।

पालि पिटक पर काल और देशका प्रभाव पडा है, पर इसमे सन्देह नहीं, बुद्धकी वाणी इसीमे सुरक्षित है, वही बात जैन आगमों के बारेम भी है। महावीरकी वाणी जैन आगमोंम ही है। पालि त्रिपिटक सिंहल, बर्मी, और रोमन लिपियोंमें प्राप्य था, अब तो नवनालन्दाविहारसे नागरीमें भी प्राय सारा निकल चुका है। जैन आगमके अलग-अलग भाग अलग-अलग स्थानोंसे निकले थे, जिनमें कितने ही दुर्लभ भी हो गए, श्रीपुप्फ

ब्राह्मण उन्हें वृषल(शूद्र)कहते थे। श्रमणों के समान पारिभाषिक शब्दोंके लिये ग्रन्त की शब्द सूची को देखें, जिसमे बौद्धो और जैनों के सम्मिलित शब्दों के आगे हमने ॐ चिह्न बना दिये हैं।

भिक्षु-भिक्षुणी उपासक और उपासिका तो हैं ही, भिक्षु बननेकी उपसम्पदा का भी एकसा ही शब्द है।

गुरुको दोनों आचार्य उपाध्याय कहते हैं, साधु होके रहना 'ब्रह्मचर्य पालन करना' काम को पराजित शब्द का प्रयोग दोनो मे है। भिक्षा के लिए पिण्डपातका शब्द समान है।

पोषध या उपोसथ भी श्रमणोपासकोका व्रत है, जो महीने की दोनों अष्टमियो और अमावास्या, पूर्णिमाका दिन होता था। बौद्ध विहारोंमे इसके लिए पोषधशालायें या पोषधागार बनाये जाते थे। वैसे साधारण बौद्ध उपासक जन उन चारो दिनोंमे या कम से कम पूर्णिमा के दिन विशरण और पञ्च शील ग्रहण करते हैं, दिन मे भिक्षुओंकी तरह दो पहरके बाद भोजन न ो करते। और भी समय पूजा और सत्संगमें बिताते हैं।

और भी कितने ही श्रमणों के विधान एक से शब्दों मे हैं—

वेरमणी अर्थात् विरत होना, श्रावक और उपासक शब्दका तो इतना प्रयोग हुआ कि जैन शब्द का पर्याय ही सावक या (बिहार की बराकर नदी के किनारे बसने वाले लोग सराक) और सरावगी हो गया। बुद्ध, सम्बुद्ध, तथागत, तायी, अर्हत्, ये सारे विशेषण बुद्ध और महावीर दोनोंके लिए प्रयुक्त होते हैं। बोधि, सम्बोधिकी भी वही बात है। यह सारी समानतायें बतलाती हैं, कि सारे श्रमण किसी एक परम्परा के मानने वाले थे, जिनने कि यह समान शब्द दिय। बुद्ध के पहले किसी ऐतिहासिक बुद्धका पता नहीं लगता, यद्यपि अशोक राजाने बुद्धके पहलेके एक बुद्ध कोनागमन नाम पर एक

सुत्तागम के भीतर ही ११अग, १२ उपाङ्ग, ४ छेद, ४ मूल आवश्यक सूत्र सम्मिलित है। इस प्रकार अग-उपाग, छेद, मूल तथा आवश्यकसूत्र सहित सारा सुत्तागम ३२ ग्रन्थो का है। बारहवा दृष्टिवाद अग लुप्त हो गया है, यह परम्परा मानती है। जिन-वचनो के देर से लेखारूढ होनेसे ऐसा होना ही था, पर जो मुनियोने अपनी स्मृतिम सुरक्षित रक्खा, उसीके लिये हम उनके ऋणसे उऋण नहीं हो सकते।

ब्राह्मण परम्परा वेद ब्राह्मण आदिके रूपमे हम तक पहुँची, श्रमणपरम्परा भी उसमे कम विशाल नही थी। जैन और बौद्ध पिटक विशाल हैं, कपिलकी परम्परा षष्टितन्त्रके रूपमे ईसवी सन्के आरम्भ तक थी, जब कि उसके परवाद और आख्यायिकाके आशको ईश्वरकृष्णने साख्य रचीं। कपिल बुद्ध और पालिवालमें तीर्थ नही था, इसलिये तत्कालीन तीर्थङ्करोमे उसका नाम नही मिलता। अन्य छः तीर्थङ्करो के नाम आते हैं, जैसे—

जो श्रमण ब्राह्मण सघके अधिपति सघके आचार्य ज्ञात यशस्वी तीर्थङ्कर बहुत जनो द्वारा साधुसम्मत थे, जैसे—पूर्णकाश्यप, मक्खरी गोसाल, निर्ग्रन्थ ज्ञातपुत्र, सजय वेलट्ठिपुत्र, प्रकुधकात्यायन, अजितकेशकम्बली। वह भी" ''' सम्बोधिको जान लिया ऐसा दावा नही करते। 'फिर आप गौतम तो जन्मसे अल्पवयस्क और प्रव्रज्या म नये के लिये क्या कहना ?" संयुत्तनिकाय ३।१।१ बुद्धचर्या पृष्ठ ८५।

निग्रन्थ ज्ञातपुत्र की भांति और तीर्थङ्करोके भी पिटक थे, जो उनके अनुयायियो के साथ लुप्त हो गये। उपरोक्त उद्धरण से यह भी मालूम होता है कि काश्यप ज्ञातपुत्र (महावीर) बुद्धसे आयुमे बड़े थे। सभी श्रमणोंकी परिभाषायें एक सी थीं और विचारोंमे कुछ समानता थी। सभी विचार स्वातन्त्र्यके मानने वाले थे और ब्राह्मणो के साथ उनका शाश्वतिक विरोध था। सभी वर्णव्यवस्था के विरोधी थे। इसीलिये

ब्राह्मण उन्हें वृषल(शूद्र)कहते थे । श्रमणो के समान पारिभाषिक शब्दोके लिये अन्त की शब्द सूची को देखें, जिसमे बौद्धो और जैनो के सम्मिलित शब्दों के आगे हमने * चिह्न बना दिये हैं ।

भिक्षु-भिक्षुणी उपासक और उपासिका तो हैं ही, भिक्षु बननेको उपसम्पदा का भी एकसा ही शब्द है ।

गुरुको दोनो आचार्य उपाध्याय कहते हैं, साधु होके रहना 'ब्रह्मचर्य पालन करना' काम को पराजित शब्द का प्रयोग दोनों मे है । भिक्षा के लिए पिण्डपातका शब्द समान है ।

पोषध या उपोसथ भी श्रमणोपासकोका व्रत है, जो महीने की दोनो अष्टमियों और आमावास्या, पूर्णिमाका दिन होता था । बौद्ध विहारोंमे इसके लिए पौषधशालायें या पोषथागार बनाये जाते थे । वैसे साधारण बौद्ध उपासक जन उन चारो दिनोंमे या कम से कम पूर्णिमा के दिन त्रिशरण और पञ्च शील ग्रहण करते हैं, दिन मे भिक्षुओंकी तरह दो पहरके बाद भोजन न ी करते । और भी समय पूजा और सत्संगमे बिताते हैं ।

और भी कितने ही श्रमणो के विधान एक से शब्दो मे हैं—

वेरमणी अर्थात् विरत होना, श्रावक और उपासक शब्दका तो इतना प्रयोग हुआ' कि जैन शब्द का पर्याय ही सावक या (बिहार की बराकर नदी के किनारे बसने वाले लोग सराक) और सरावगी हो गया । बुद्ध, सम्बुद्ध, तथागत, तायी, अहृत्, ये सारे विशेषण बुद्ध और महावीर दोनोंके लिए प्रयुक्त होते हैं । बोधि, सम्बोधिकी भी यही बात है । यह सारी समानतायें बतलाती हैं, कि सारे श्रमण किसी एक परम्परा के मानने वाले थे, जिसने कि यह समान शब्द दिय । बुद्ध के पहले किसी ऐतिहासिक बुद्धका पता नहीं लगता, यद्यपि अशोक राजाने बुद्धके पहलेके एक बुद्ध कोनागमन नाम पर एक

स्तम्भ लुम्बिनीके पास निगालिहवा मे स्थापित करवाया था पर इसमे कोनागमनकी ऐतिहासिकता सिद्ध नही होती, सिर्फ यही मालूम होता है कि अशोकके समय कोनागमन बुद्धका ख्याल प्रचलित था। जैसे बुद्धके साथ २४ बुद्धोकी बात कही जाती है, वैसे ही महावीरको लेते २४ तीर्थंकरोकी भी बात जैन परम्परा कहती है। पर वहाँ कम से कम २३ वें तीर्थङ्कर पार्श्वके ऐतिहासिक होनेके जबरदस्त कारण हैं। पार्श्वके अनुयायी श्रावक और श्रमण उस समय मौजूद थे। यहीं सूत्रकृताङ्ग मे उदक पेढालपुत्र (।) पृष्ट १३४, १४५ का सवाद प्रथम गणधर भिक्षु गौतम-इन्द्रभूति से आया है, अन्तमे पेढाल भिक्षु गौतमके प्रवचन से सन्तुष्ट होते हैं और पार्श्वके चातुर्याम सवरके स्थान पर महावीरके पच महाव्रतिक सप्रतिक्रमण धर्म को स्वीकार करता है। इस प्रकार पार्श्वके अनुयायी भिक्षुओका होना उस समय सिद्ध होता है। कुछ विद्वान मानते है कि तीर्थकर पार्श्व महावीरसे प्राय दो शताब्दी पहले हुए थ अर्थात् वह ईसा पूर्व आठवी सदीमे मौजूद थे। यही समय पुराने उपनिषदोंका है। अर्थात् जिस समय ब्राह्मण पुराने वैदिक कर्मकाण्डके जालको तोडकर उपनिषद्की अपेक्षाकृत मुक्त हवामे सास लेनेका प्रयास कर रहे थे उसी समय श्रमणोंके सबसे पुराने तीर्थंकर स्वतन्त्रताका पाठ दे रहे थे।

उपनिषद् काल से पहले श्रमणोके अस्तित्वको ले जाना ठोस ऐतिहासिक सामग्री के बल पर मुश्किल है। मोहनजोदरो और हडप्पाकी सस्कृति वैदिक आर्योंसे अधिक मृदु, अधिक अहिंसापरायण रही होगी, इसकी सम्भावना कम है। मानव धीरे-धीरे हिंसासे अहिंसाकी ओर आया। ताम्रयुग नरमेध[illegible] हिंसाके लिए अधिक सक्षम था, इसलिए [illegible] किया। ईसा पूर्व आठवीं सदी [illegible]

बुद्धने वर्षाम भिक्षुओंसे [illegible] करम

यातायात बंद कर एक जगह वर्षावास करने का नियम बनाया, इसमें श्रमणोंकी परम्परा भी कारण थी, एक इन्द्रिय जीवोंकी हिंसा होनेके डरसे तृण वनस्पतिके काटनेसे भिक्षुओंको रोका, यह भी पुरानी श्रमण परम्परा का ख्याल था। श्रमण परम्पराओंमें भेद भी थे, पर साथ ही कुछ समानतायें भी थीं।

सूत्रकृतांग ११ विद्यमान अंगोंमें दूसरा है। इसके कुछ अंश पद्य और कुछ गद्य में हैं। जैन दृष्टिसे ध्यान शील और आध्यात्मिक तत्वज्ञान जानने के लिए यह सूत्र बहुत उपयोगी है। तत्वज्ञानकेलिए यहां भी बौद्धों की तरह ही बोधि और सम्बोधिका प्रयोग किया जाता है। यहां २। १। १ में आया है कि—"किं न बुज्झह संबोही।" समवायाङ्ग ३। २२। ७ में बोधि के तीन प्रकार बतलाये हैं—"णाणबोही, दंसणबोही चरित्तबोही।' बोधिप्राप्त पुरुषोंको बुद्ध कहते हैं। वह भी तीन प्रकारके होते हैं—

तिविहा बुद्धा, णाणबुद्धा, दंसणबुद्धा, चरित्तबुद्धा, समवायांग ३। २। २०७॥

शाम के वक्त बौद्ध विहारों में कुछ स्तुति गाथायें पढ़ी जाती हैं, जिनमें एक इस प्रकार है—

ये च बुद्धा अतीता च, ये च बुद्धा अनागता।
पच्चुप्पन्ना च ये बुद्धा, अहं वंदामि ते सदा॥

पालि के किस ग्रन्थसे इसे लिया गया, इसका ढूँढने पर भी पता नहीं लगा। ऐसी ही एक गाथा सूत्रकृताङ्ग में है—

जे य बुद्धा अतिक्कन्ता जे य बुद्धा अणागया॥ १। ११। ३६॥

महावीर और बुद्ध लोककल्याण के लिए बराबर घूम घूम कर उपदेश देते रहे। बौद्ध पिटकमें पर्यटनकी भूमिको मध्यमण्डल कहा गया है। विनयपिटककी अट्ठकथामें मध्यमण्डल की सीमाके बारेमें लिखा है—

स्तम्भ लुम्बिनीके पास निगलिहवा में स्थापित करवाया था पर इससे कोनागमनकी ऐतिहासिकता सिद्ध नहीं होती, सिर्फ यही मालूम होता है कि अशोकके समय कोनागमन बुद्धका ख्याल प्रचलित था। जैसे बुद्धके साथ २४ बुद्धोंकी बात कही जाती है, वैसे ही महावीरको लेते २४ तीर्थंकरोंकी भी बात जैन परम्परा कहती है। पर वहाँ कम से कम २३ वें तीर्थङ्कर पार्श्वके ऐतिहासिक होनेके जबरदस्त कारण हैं। पार्श्वके अनुयायी श्रावक और श्रमण उस समय मौजूद थे। यहीं सूत्रकृताङ्ग में उदक पेढालपुत्र (।) पृष्ट १३४, १४५ का संवाद प्रथम गणधर भिक्षु गौतम-इन्द्रभूति से आया है, अन्तम पेदाल भिक्षु गौतमके प्रवचन से सन्तुष्ट होते हैं और पार्श्वके चातुर्याम संवरके स्थान पर महावीरके पंच महाव्रतिक सप्रतिक्रमण धर्म को स्वीकार करता है। इस प्रकार पार्श्वके अनुयायी भिक्षुओंका होना उस समय सिद्ध होता है। कुछ विद्वान मानते हैं, कि तीर्थंकर पार्श्व महावीरसे प्रायः दो शताब्दी पहले हुए थे अर्थात् वह ईसा पूर्व आठवीं सदीमें मौजूद थे। यही समय पुराने उपनिषदोंका है। अर्थात् जिस समय ब्राह्मण पुराने वैदिक कर्मकाण्डके जालको तोड़कर उपनिषदकी अपेक्षाकृत मुक्त हवामें साँस लेनेका प्रयास कर रहे थे, उसी समय श्रमणोंके सबसे पुराने तीर्थंकर स्वतन्त्रताका पाठ दे रहे थे।

उपनिषद् काल से पहले श्रमणोंके अस्तित्वको ले जाना ठोस ऐतिहासिक सामग्री के बल पर मुश्किल है। मोहनजोदड़ो और हड़प्पाकी संस्कृति वैदिक आर्योंसे अधिक मृदु, अधिक अहिंसापरायण रही होगी, इसकी सम्भावना कम है। मानव धीरे धीरे हिंसासे अहिंसाकी ओर आया। ताम्रयुग नरमेधोंका युग था, लोहयुगमें हिंसाके लिए अधिक सक्षम था, इसलिए कोमल हृदयोंने हिंसाका विरोध किया। ईसा पूर्व आठवीं सदी लौहयुगका आरम्भ थी।

बुद्धने वर्षामें भिक्षुओंके लिए अधिक प्राणियों की हिंसा होनेके कारण

कम्पिलाका भी जैनागमोमे उल्लेख है, पालिमे भी इसे कम्पिला कहते हैं। पंचालकी पुरानी राजधानी काम्पिल्य आज एटा जिले का कम्पिल कस्बा है।

श्रमण-ब्राह्मण शब्दोका प्रयोग मुनि-सयमीकेलिए यहा बहुत आया है। बौद्ध-धम्मपद मे तो एक सारा वर्ग ब्राह्मण वग्ग है, वहाँ भी ब्राह्मण इसी अर्थमे प्रयुक्त हुआ। अभी वह ब्राह्मणोंकी एक जातिकेलिए रूढ नहीं बनाया गया था। पर पाणिनिके समय ईसा पूर्व चौथी सदीमें ब्राह्मण श्रमणोंके शाश्वत विरोधी बन गये थे। इसीलिए जैन अनुवादक या टीकाकार ब्राह्मण शब्द से जाति ब्राह्मणका भ्रम न हो जाये, इसीलिए उसके ठीक अर्थको देते हैं। हमने सदा उसी शब्दको रक्खा है, क्योकि अब भ्रम करनेका जमाना बीत चुका है।

बुद्ध और महावीर दोनोकी वाणी अपनी सरलता और स्पष्टताके कारण बड़ी मधुर मालूम होती है। अनुवाद को मैंने सरल करनेकी कोशिश की है। वह और भी सरल हो सकता था, यदि मेरे पास समयकी कमी न होती।

सिहल द्वीप
४-१२-६०

राहुल सांकृत्यायन

बुद्धचारिका बुद्धोका घूमना बुद्धोका आचार है। वर्षावास समाप्त कर प्रवारणा क्वार पूर्णिमा करके लोकसंग्रहके लिए देशाटन करते हुए महा-मण्डल, मध्यमण्डल, अन्तिममण्डल इन तीन मण्डलों में से एक मण्डलमे चारिका करते थे। महा-मंडल नौ सौ योजनका है, मध्यमंडल ६०० योजन का और अन्तिम मंडल ३०० योजन का।•

जातकट्ठकथा मे निदान (1) मे मध्यदेश की सीमा दी है—

मध्यदेश की पूर्व दिशा मे कजंगल नामक कस्बा है, उसके बाद बड़े शाल (1) वन हैं और फिर आगे सीमान्त देश है। मध्यम सललवती नामक नदी है, उसके आगे सीमान्त देश • है। दक्षिण दिशा में सेतकण्णिक नामक कस्बा है, उसके बाद सीमान्त देश है। पश्चिमदिशामें थून नामक ब्राह्मणोका ग्राम है उसके बाद •• सीमान्त देश है। उत्तरदिशामे उशीरध्वज नामक पर्वत है, उसके बाद.. सीमान्त प्रदेश••• है। यह लम्बाई मे ३०० योजन, चौड़ाई म २५० योजन और घेरेम ९०० योजन है। यहाँ उल्लिखित स्थानोमें कजङ्गल वर्तमान ककजोल जिला सथाल पर्गनाम है। सललवती नदी हजारी बाग जिलेकी सिलई नदी मालूम होती है। पश्चिमी सीमाके थून *ब्राह्मण-ग्रामको आजकल थानेसर कहा जाता है। यही मध्य जनपद* भगवान् महावीर की भी विचरण भूमि रहा होगा।•

दोनों की विचरण-भूमि के ग्राम भी कितने ही एक से आजकल कम प्रसिद्ध पर पहले बहुत प्रसिद्ध बुद्ध प्रसिद्ध स्थान हैं—

आलम्भिया इसे आलविया पालिमे कहा गया है, और यह भी कि यहाँ के प्रसिद्ध यक्षको पचालचण्ड कहा जाता था। अर्थात् इसे पंचालदेश फतेहगढ़ या आगरा कमिश्नरीमें ढूंढना होगा, वैसा स्थान कानपुरके पश्चिमी ओर पर अवस्थित आवकलश। अर-बस है।

कम्पिलाका भी जैनागमोंमे उल्लेख है, पालिम भी इसे कम्पिला कहते हैं। पचालकी पुरानी राजधानी काम्पिल्य आज एटा जिले का कम्पिल कस्बा है।

श्रमण-ब्राह्मण शब्दोंका प्रयोग मुनि-सयमीकेलिए यहा बहुत आया है। बौद्ध धम्मपद मे तो एक सारा वर्ग ब्राह्मण वग्ग है, वहाँ भी ब्राह्मण इसी अर्थमे प्रयुक्त हुआ। अभी वह ब्राह्मणोंकी एक जाति-केलिए रूढ नहीं बनाया गया था। पर पाणिनिके समय ईसा पूर्व चौथी सदीमें ब्राह्मण श्रमणोंके शाश्वत विरोधी बन गये थे। इसी-लिए जैन अनुवादक या टीकाकार ब्राह्मण शब्द से जाति ब्राह्मणका भ्रम न हो जाये, इसीलिए उसके ठीक अर्थको देते हैं। हमने सदा उसी शब्दको रक्खा है, क्योंकि अब भ्रम करनेका जमाना बीत चुका है।

बुद्ध और महावीर दोनोंकी वाणी अपनी सरलता और स्पष्टताके कारण बडी मधुर मालूम होती है। अनुवाद को मैंने सरल करनेकी कोशिश की है। वह और भी सरल हो सकता था, यदि मेरे पास समयकी कमी न होती।

सिंहल द्वीप
४ १२-६०

राहुल साकृत्यायन

बुद्धचारिका: बुद्धोंका घूमना: बुद्धोंका आचार है। वर्षावास समाप्त कर महापवारणाके बाद पूर्णिमा करके लोकानुग्रहके लिए देशाटन करते हुए महा-मण्डल, मध्यमण्डल, अन्तिममण्डल इन तीन मण्डलों में से एक मण्डलमें चारिका करते थे। महा-मंडल नौ सौ योजनका है, मध्यमंडल ६०० योजन का और अन्तिम मंडल ३०० योजन का।

जातकट्ठकथा में निदान (1) में मध्यदेश की सीमा दी है—

मध्यदेश की पूर्व दिशा में कजंगल नामक कस्बा है, उसके बाद बड़े साल (1) वन हैं और फिर आगे सीमान्त देश है। मध्यमें सललवती नामक नदी है, उसके आगे सीमान्त देश······है। दक्षिण दिशा में सेतकण्णिक नामक कस्बा है, उसके बाद सीमान्त देश है। पश्चिमदिशामें थून नामक ब्राह्मणोंका ग्राम है उसके बाद ··सीमान्त देश है। उत्तरदिशामें उशीरध्वज नामक पर्वत है, उसके बाद......सीमान्त प्रदेश······है। यह लम्बाई में ३०० योजन, चौड़ाई में २५० योजन, और घेरेमें ९०० योजन है। यहाँ उल्लिखित स्थानोंमें कजंगल वर्तमान कंकजोल जिला संथाल परगनामें है। सललवती नदी हजारीबाग जिलेकी सिलई नदी मालूम होती है। पश्चिमी सीमाके थून ब्राह्मण-ग्रामको आजकल थानेसर कहा जाता है। यही मध्य जनपद भगवान् महावीर की भी विचरण-भूमि रहा होगा।

दोनों की विचरण-भूमि के ग्राम भी कितने ही। एक से आजकल कम प्रसिद्ध पर पहले बहुत प्रसिद्ध कुछ प्रसिद्ध स्थान हैं—

आलम्भिया इसे आलविया पालिमें कहा गया है, और यह भी कि यहाँ के प्रसिद्ध यक्षको अग्गालवचेत्य कहा जाता था। यद्यपि इसे कंवाधेदेनः क्षेत्रखण्ड या आमरा कनिंघमीन ढूँढना चाहा, वैसा स्थान कानपुरके पश्चिमी ओर पर अवस्थित आवकनका पर बन है।

कम्पिलाका भी जैनागमोमे उल्लेख है, पालिमे भी इसे कम्पिला कहते हैं। पचालकी पुरानी राजधानी काम्पिल्य आज एटा जिले का कम्पिल कस्बा है।

श्रमण-ब्राह्मण शब्दोका प्रयोग मुनि-सयमीकेलिए यहा बहुत आया है। बौद्ध-धम्मपद मे तो एक सारा वर्ग ब्राह्मण वग्ग है, वहाँ भी ब्राह्मण इसी अर्थमें प्रयुक्त हुआ। अभी वह ब्राह्मणोंकी एक जाति-केलिए रूढ नही बनाया गया था। पर पाणिनिके समय ईसा पूर्व चौथी सदीमें ब्राह्मण श्रमणोके शाश्वत विरोधी बन गये थे। इसी-लिए जैन अनुवादक या टीकाकार ब्राह्मण शब्द से जाति ब्राह्मणका भ्रम न हो जाये, इसीलिए उसके ठीक अर्थको देते हैं। हमने सदा उसी शब्दको रक्खा है, क्योकि अब भ्रम करनेका जमाना बीत चुका है।

बुद्ध और महावीर दोनोकी वाणी अपनी सरलता और स्पष्टताके कारण बडी मधुर मालूम होती है। अनुवाद को मैंने सरल करनेकी कोशिश की है। वह और भी सरल हो सकता था, यदि मेरे पास समयकी कमी न होती।

सिंहल द्वीप
४ १२-६०

राहुल सांकृत्यायन

विषय-सूची

नमोऽत्थु ण समणस्स भगवओ णायपुत्तमहावीरस्स

सूत्रकृताङ्ग

पहला-श्रुतस्कन्ध

समयअध्ययन १

१ उद्देशक

१—स्वसिद्धान्त

(१) बूझे, खूब जानकर बन्धन को तोडे। (महान्) वीरने किसे बन्धन बताया, किसे जानकर (बन्धन) टूटता है? ॥१॥

(२) (जो पुरुष) सप्राण या निष्प्राण किसी छोटे(पदार्थ)को भी फँसाता है, या दूसरे को (वैसा करनेकी) अनुमति देता है वह (ससार-) दुखसे नहीं छूटता ॥२॥

(३) प्राणियोंको अपने आप मारता है, या दूसरेसे मरवाता है। या मारने वालेको अनुज्ञा देता है, वह अपने वैर को बढाता है ॥३॥

(४) आदमी जिस कुल मे पैदा हुआ, या जिनके साथ रहता है, (उनमें) ममता करता वह अजान हुआ दूसरोंके मोहमें पडकर बर्बाद होता है ॥४॥

(५) धन और सहोदर(भाई-बहिन) ये सारे(आदमीको)नहीं बचा सकते, जीवनको भी ऐसा (थोडा) समझकर कर्म (के बन्धन) से अलग होता है ॥५॥

(६) इन ग्रन्थ (वचनों)को छोडकर कोई-कोई अजान श्रमण-ब्राह्मण

(मतवादी) (अपने मतमे) अत्यन्त बधे काम भोगोमे फसे है ॥६॥
२—लोकायत-भौतिकवाद—

(७) कोई कहते हैं…"यहाँ पाँच महाभूत हैं—(१) पृथिवी (२) जल, (३) अग्नि), (४) वायु और पाचवा आकाश।" ॥७॥

(८) ये पाच महाभूत हैं, तिनमेसे एक (चेतना पैदा) होती है फिर उन (महाभूतो) के विनाशसे देहधारी (आत्मा) का भी विना होता है ॥८॥
अद्वैत—

(९) जैसे एक पृथिवी समुदाय एक (होते भी) अनेक दीखता। ऐसे ही विद्वान् सारे लोकको नाना देखता है ॥९॥

(१०) ऐसे कोई-कोई मन्द एक (आत्मा) बतलाते हैं। कोई स्व पाप करके भारी दुख भोगते है ॥१०॥
३—भौतिकवाद—

(११) मूढ हो या पण्डित प्रत्येक मे पूर्ण आत्मा है, मरने प होते भी नहीं होते भी (परलोक मे) जाने वाला कोई नित्य पदा नहीं है ॥११॥

(१२) न पुण्य है न पाप है, इस (जन्म) के बाद दूसरा लोक नही शरीरके विनाशमे शरीरधारी (आत्मा) का भी विनाश हो जाता है ॥१२॥
४—आत्मा अकर्ता—

(१३) सब करते और कराते भी करनहार नही है, इस प्रका आत्मा अकारक है, ऐसा वे ढीठ (कहते) हैं ॥१३॥

(१४) जो ऐसे (मतके) माननेवाले हैं, उनके लिए (पर-)लोक कैसे होगा ? वे हिंसा-रत मन्द(-बुद्धि) अन्धकारसे भारी अन्धकारमे जाते हैं ॥१४॥

५—नित्य आत्मा—

(१५) यहा कोई-कोई कहते हैं—(पृथिवी आदि) पाच महाभूत हैं, आत्मा छठा है, फिर कहते हैं कि आत्मा और लोक नित्य है ॥१५।

(१६) दोनो (कभी) नही नष्ट होते, और न अ-सत् (वस्तु) से कोई (वस्तु) उत्पन्न हो सकती है। सारे ही पदार्थ सर्वथा नियति रूपसे (चले) आये हैं ॥१६॥

६—बौद्ध मत—

(१७) कोई-कोई मूढ कहते हैं···पाच स्कन्ध (रूप, वेदना, सज्ञा, सस्कार, विज्ञान) क्षणिक (तत्त्व) हैं। (आत्मा) उनसे भिन्न है या अभिन्न, स-कारण है या अ-कारण यह नही बतलाते ॥१७॥

(१८) दूसरे कहते हैं···पृथिवी, जल, तेज और वायु ये एकत्र चार धातुओंके रूप हैं ॥१८॥

७—अन्यमत—

(१९) घरमे या अरण्य या पर्वतमे वसते (हमारे) इस दर्शन पर आरूढ (पुरुप) सारे दु खो से छूट जाता है ॥१९॥

(२०) उन (मतवादियो) ने न (द्रव्य या मानसिक भावो की) सन्धि जानी, न वे धर्मवेत्ता हैं। वे जो ऐसा मानते हैं, वे (ससार रूपी) बाढ़के पारगत नही कहे गय ॥२०॥

(२१) वे न सन्धि जानते, न वे लोग धर्मवेत्ता हैं, वे ससार पारगत नही कहे गये ॥२१॥

(२२) ० गर्भ (आवागमन) पारग नहीं कहे गये ॥२२॥

(२३) ० जन्म पारग नहीं कहे गये ॥२३॥

(२४) ० दु ख पारग नही कहे गये ॥२४॥

(२५) ० मार (मृत्यु) पारग नही कहे गये ॥२५॥

सब को प्रत्येक को (समष्टि-व्यष्टि-रूप से) स्व स्व-अतिमान-संरक्षण
ही चिन्ता है, अधिकारमात्र का ही व्यामोहन है । उत्तरदायित्व के निर्व
एकान्ततः विस्मृति, अनार्य अधिकारों के निर्वाह की एकान्ततः स्मृति ही आ
मानव का, सर्वलक्ष्य-हीन, सर्वशक्ति-विहीन-श्रद्धाविगलित-मानव का परमपुर
बनता जा रहा है। दृष्टिकोणभेद से यदि कोई लक्ष्यहीन मानव
बनने के लिए आतुर है, तो कोई मानव सहसा एकहेलया (एकबारगी)
'देवता' बन जाने के लिए समुत्सुक है। मध्यस्था मानवता आज इस
सदशापतित-बनती हुई मानव के पदाघात से कन्दुक-क्रीड़ा का ही साधन बनती
रही है, किंवा बन चुकी है।

शाश्वत-सनातन-ज्ञानविज्ञानपरिपूर्ण-मानवधर्म की, मानवता ही उ
तिरस्कार-करने वाले आज के मानव समाज ने अपनी उस ईश्वरीय दिव्य-अ
परिपूर्ण-मानवता-लक्षणा निधि की उपेक्षा कर विश्वशान्ति के वक्षस्थल पर 'अ
का जो शिलान्यास कर दिया है, सचमुच वह मानवसमाज के लिए, मानवधर्म
लिए, किंवा मानवता के लिए एक भयङ्कर चिनौती है। यदि भारतवसुन्धरा
सौभाग्य से, आर्ष महर्षियों के पुण्य-संस्कारों से मानवतानुगत कुछ एक मानव
परोक्षरूपेण यत्र तत्र विद्यमान हैं, तो उनसे साञ्जलिबन्ध मुहुर्मुहुः यही प्रार्थना
कि, वे सर्वप्रथम मानवता के संरक्षण के लिए ही अपना पुण्यदान करने
अनुग्रह करें। सर्वप्रथम वे हमारे दूसरे प्रस्तुत प्रश्न का सम्यक् समाधान करने
अनुग्रह करें कि—

क्या आज हम भारतीय मानव हैं ?

देख रहे हैं, (कर्णाकर्णिपरम्परया यदा कदा) सुन भी रहे हैं कि, राष्ट्र
कतिपय विचारशील मानव, पूर्ण शिक्षित कहे माने जाने वाले मानव, नेतृ
पदाधिरूढ मानव, सत्तापदानुगत मानव आज इसी चिन्ता से थक थक जा
हैं। किन्तु अद्यावधि भी उनकी ओर से राष्ट्र के सम्मुख ऐसा कोई भी मौलि
उपाय उपस्थित न हो सका, जिसके द्वारा मानवता का पुनरुद्धार शक्य बन सके।
कारण !—'अमृ पन विमृ पन् यापि नरो मर्वति

बड़ी ही हुआ करतीं हैं। अतएव उनके सम्बन्ध में आलोचना प्रत्यालोचना ना यद्यपि कभी कथमपि उचित नहीं है। तथापि-'आपत्तिकाले मर्य्यादा स्ति' न्याय से इस क्यों ? कारण का भी स्पष्टीकरण क्षम्य कोटि में हीं समाविष्ट न लेना चाहिए।

मनु, और मनुपत्नी श्रद्धा से सयुत-समन्वित मानवीय धरातल का सम्बन्ध उस आर्षनिष्ठा से, जिसका सन्देश उपलब्ध होता है एकमात्र आर्ष-प्राच्य-रतीय साहित्य से, मन्त्रब्राह्मणात्मक वेदसाहित्य से, वेदशास्त्र से। विलुप्तप्राय र्षसाहित्य के प्राकृतिक रहस्य-ज्ञान से एकान्ततः वञ्चित, केवल प्रतीच्य-शिक्षा-स्कार-सुसस्कृत ? राष्ट्र के विचारशील मानव हीं अमुक सामयिक तात्कालिक तावरण की दृष्टि से मानवसमाज के पथप्रदर्शक बनते हुए भी तत्वतः आर्ष-मौलिक-भारतीय-सास्कृतिक-प्राच्य-दृष्टिकोण से तो इस प्रश्न के समाधान में न्तान्त असमर्थ ही मानें जायँगे।

इसीलिए तो तथाकथित वर्त्तमान राष्ट्र के वर्त्तमान कतिपय विचारशील मानवों के, पूर्ण शिक्षित मानवों के सुसस्कृत मस्तिष्क भी तो प्राकृतिक नित्यसिद्ध मानवता को विस्मृत करते हुए विशुद्ध अधिकार-बल को ही तो रक्षासाधन मानने-मनवाने की भयावहा भ्रान्ति के अनुगामी बनते जारहे हैं। वही शिक्षा, वही सस्कृति-सभ्यता-आदर्श,-सर्वात्मना-प्रतीच्य-पथानुसरण, और उसके द्वारा भारतीय आर्षमानवता के समुद्धार के लिए सतत प्रयास। यही है वह विडम्बनापूर्ण पथ, जो आज उन विचारशीलों के द्वारा भारतीय मुग्ध-सुप्त-भ्रान्त-नितान्त-भावुक-हृदयहीन--भारतीय-मानवसमाज के सम्मुख उपस्थित हो रहा है।

मानवता के सहज आर्षधरातल से एकान्ततः परा परावत (अत्यन्त विदूर) उन विचारशीलों में से समाज के सम्मुख उपस्थित होने वाले जो महानुभाव अपने आपको शिक्षित मानने की भ्रान्ति कर बैठे हैं, उनकी प्रथम धारणा यही है कि,-'मुझ जैसे शिक्षित-सस्कृत-सभ्य-समुन्नत-असाधारण-मानवश्रेष्ठ का सर्वसाधारण से क्या सम्बन्ध !'। दूसरा वर्ग है वेश-भूषानुगत विचारशीलों का।

सब की प्रत्येक को (समष्टि-व्यष्टि-रूप से) स्व स्व-अभिमान-संरक्षणमात्र ही चिन्ता है, अधिकारमात्र का ही व्यामोहन है । उत्तरदायित्व के निर्वाह एकान्ततः विस्मृति, अनार्ष अधिकारों के निर्वाह की एकान्ततः स्मृति ही आज मानव का, सर्वलक्ष्य-हीन, सर्वशक्ति-विहीन-श्रद्धाविगलित-मानव का परमपुरुषा बनता जा रहा है। दृष्टिकोणभेद से यदि कोई लक्ष्यहीन मानव 'पशु' बनने के लिए आतुर है, तो कोई मानव सहसा एकहेलया (एकबारगी ही 'देवता' बन जाने के लिए समुत्सुक है । मध्यस्था मानवता आज इसप्रकार सदशापतित बनती हुई मानव के पदाघात से कन्दुक-क्रीड़ा का ही साधन बनती रही है, किंवा बन चुकी है ।

शाश्वत-सनातन- ज्ञानविज्ञानपरिपूर्ण--मानवधर्म्म की, मानवता ही उपे तिरस्कार-करने वाले आज के मानव समाज ने अपनी उस ईश्वरीय-दिव्य-अमृ परिपूर्ण-मानवता लक्षण निधि की उपेक्षा कर विश्वशान्ति के वक्षस्थल पर 'अशान्ति' का जो शिलान्यास कर दिया है, सचमुच वह मानवसमाज के लिए, मानवधर्म्म लिए, किंवा मानवता के लिए एक भयङ्कर चिनौती है । यदि भारतवसुन्धरा सौभाग्य से, आर्ष महर्षियों के पुण्य-संस्कारों से मानवतानुगत कुछ एक मानव परोक्षरूपेण यत्र तत्र विद्यमान हैं, तो उनसे साञ्जलिबन्ध मुहुर्मुहुः यही प्रार्थना कि, वे सर्वप्रथम मानवता के संरक्षण के लिए ही अपना पुण्यदान करने अनुग्रह करें । सर्वप्रथम वे हमारे दूसरे प्रस्तुत प्रश्न का सम्यक् समाधान करने अनुग्रह करें कि—

क्या आज हम भारतीय मानव हैं ?

देख रहे हैं, (कर्णाकर्णिपरम्परया यदा कदा) सुन भी रहे हैं कि, राष्ट्र कतिपय विचारशील मानव, पूर्ण शिक्षित कहे माने जाने वाले मानव, नेतृ पदाधिरूढ मानव, सत्तापदानुगत मानव आज इसी चिन्ता से थक थक गए हैं । किन्तु अद्यावधि भी उनकी ओर से राष्ट्र के सम्मुख ऐसा कोई भी मौलि उपाय उपस्थित न हो सका, जिसके द्वारा मानवता का पुनरुद्धार शक्य बन सके कारण !—'अमृ यन विमृ यन् यापि नरो मर्यति किल्विषः' । यही तो

इस वर्ग के साथ सर्वसाधारण मानव का क्या सम्बन्ध ? * । उनका तो प्रत्येक सत्-असत्–(अच्छा-बुरा, उचित–अनुचित) सामयिक-असामयिक आदेश सर्वात्मना हमारे लिए मान्य रहना ही चाहिए। इस 'घोषणाश्रवण' मात्र के अतिरिक्त उनके साथ सर्वसाधारण का और कोई सम्बन्ध हो भी क्या सकता है ?, हो भी कैसे सकता है ? । उनसे तो आज यह सामान्य सा प्रश्न भी नहीं किया जा सकता, कि,

क्या आप, और हम मानव हैं ?

'मानवता' की सहज परिभाषा का लोकन्याय से स्पष्टीकरण करते हुए आर्ष–मानव ने (भारतीय महर्षियों ने) आदियुग में यह नीति व्यवस्थित की थी कि, "धार्मिक–सामाजिक—राजनैतिक–कौटुम्बिक (परिवारिक), तथा वैयक्तिक (प्रातिस्विक) जीवनधाराओं के प्रवाह में मानव परस्पर सापेक्षवादमूलक–सहयोग की भावना के अनुगामी बनते हुए सशक्त प्रमाणित होते रहें ।

सह नाववतु सह नौ भुनक्तु सह वीर्य्यं करवावहै ।
समदर्शनानुगत विषमवर्त्तनलक्षण भारतीय आदर्श, तथा विषमदर्शनानुगत-समवर्त्तनलक्षण पश्चिमी आदर्श, इन दोनों विभिन्न आदर्शों से स्वाभाविक जीवनधारा में क्या विभिन्नता उत्पन्न हुई ?, यह भी एक स्वाभाविक प्रश्न है, जिस का समाधान कर लेना भी अप्रासङ्गिक न माना जायगा । सिद्ध विषय है कि, समदर्शन से आत्मा उत्तरोत्तर विकसित होता जाता है, विषमदर्शन से आत्मा अधिकाधिक सङ्कुचित होता जाता है । समदर्शन के अनुगामी भारतवर्ष के आत्मा ने इसी विकास के आधार पर विचार-स्वातन्त्र्य को जन्म दिया । भारतीय राजनैतिक क्षेत्र में, तथा धार्म्मिक क्षेत्र में सबको अपने अपने विचार प्रकट करने की पूरी स्वतन्त्रता मिली । यदि एक ओर यहाँ ईश्वरसत्ता के अनुयायी आस्तिकों के विचार मान्य हुए, तो दूसरी ओर ईश्वरसत्ता का आत्यन्तिक विरोध करने वाले नास्तिकों के विचार भी सुने गए। यही नहीं, नास्तिकों के विचार-स्वातन्त्र्य को पुष्पित पल्लवित होने का अवसर दिया गया, जिसके फलस्वरूप आत्मवादी भारतवर्ष के प्राङ्गण में अनात्मवादी नास्तिकदर्शन भी अपना स्वरूप प्रतिष्ठित कर सके। यही क्यों, जिस सीमा तक उन के स्वतन्त्र विचार उपादेय थे, उन का समादर भी किया गया । परिणामस्वरूप अपना अपना विभिन्न दृष्टिकोण रखने वाली सभी सम्प्रदाएँ, सभी मतवाद भारतीय आर्यधर्म (सनातनधर्म) की शीतल छाया में स्थान पा सके । इसी विचारस्वातन्त्र्य के बल पर आर्यधर्म के मूलस्तम्भरूप वेदशास्त्र

*-"तस्मादेतस्यां प्रतीच्यां दिशि ये के च नीच्यानां राजानो येऽपाच्यानां, स्वाराज्यायैव तेऽभिषिच्यन्ते । स्वराडित्ये[illegible] भिषिक्तानाचक्षते" । ऐतरेयब्रा० ८।१४।

देश करने वाले श्रीगौतमबुद्ध को भी यहाँ की उदार प्रज्ञा ने 'अवतार' मानने
तेज न किया । यही कारण था कि, यहाँ बहुत कम ऐसे अवसर आए, जिनमें
तिक, तथा धार्मिक क्षेत्रों में संघर्ष उपस्थित हुआ हो । धार्मिक विचारों की
त्रता का उल्लेख करते हुए वेदभगवान् ने एक स्थान पर कहा है कि, 'धर्म्म-
के बल पर एक निर्बल मनुष्य भी सबल का नियन्त्रण कर सकता है'* ।

आत्मविकासमूलक उक्त विचारस्वातन्त्र्य के साथ साथ कहाँ शारीरिक के दृष्टि-
से यहाँ कर्म्मपारतन्त्र्य भी यथानुरूप व्यवस्थित रहा । अपने अपने विचारों
तन्त्र रखते हुए भी यहाँ कर्म्म के सम्बन्ध में कभी स्वतन्त्रता का समावेश न
। प्रजा ने यहाँ अपने स्वतन्त्र विचार प्रकट करने में कोई संकोच नहीं किया,
सत्ता के प्रति व्यवस्थित अपने नियत कर्म्मों में भी कभी उदासीनता न दिख-
। इसी प्रकार सत्ता ने प्रजा के प्रति भी अपने कर्त्तव्यपालन में उदासीनता
वेश न होने दिया । यही नियम सामाजिक, तथा कौटुम्बिक व्यवस्थाओं की
तिष्ठा बना रहा । इसप्रकार-'स्वे स्वे कर्म्मण्यभिरत: संसिद्धिं लभते नर:'
० १८।४५) के अनुसार सब श्रेणियाँ अपने अपने अधिकारसिद्ध प्राकृतिक
त कर्त्तव्यों की ही अनुगामिनी बनीं रहीं । कर्त्तव्यभेद जहाँ भारतराष्ट्र की विभिन्न
यों की प्रातिस्विक स्वरूपरक्षा का कारण बना, वहाँ समानदर्शन ने इन्हें 'एक-
, किंवा 'विश्वबन्धुत्व का भी अनुगामी बनाए रक्खा । और विचारस्वातन्त्र्या-
कर्त्तव्यभेदमूलक इसी समदर्शनानुगत विषमवर्त्तनरूप आदर्श ने 'मा कश्चित्
भाग् भवेत्' का सर्वप्रथम आविष्कार किया ।

ठीक इस के विपरीत विषमदर्शन, तथा समवर्त्तन को आदर्श मानने वाले
मी देशों ने विषमदर्शन के आधार पर जहाँ विचार-पारतन्त्र्य को जन्म दिया, वहाँ
र्त्तन के आधार पर कर्म्मस्वातन्त्र्य की प्रतिष्ठा की । इसप्रकार वहाँ 'आत्म-
तानुगता' पशुवृत्ति' ने जन्म लिया । विचारों का पारतन्त्र्य वहाँ आत्मसंकोच

---

*"अथोऽबलीयान् बलीय स समाशंसते धर्म्मेण, यथा राज्ञा-एवम्" ।
—शत० ब्रा० १४।४।२।२५।

लक्ष्य साम्राज्यलिप्सा ही है' *। श्रुति का यह सिद्धान्त ही वहाँ की स्वाभाविक मनोवृत्ति के स्पष्टीकरण के लिए पर्याप्त प्रमाण है। वरुण के अनुग्रह से वहाँ शरीर प्रधान है, आत्मब्रह्म गौण है। अतएव शरीरकर्त्ता का वहाँ प्राधान्य है, एवं द्रष्टा आत्मब्रह्म की गौणता है। फलस्वरूप 'विषमदर्शनानुगत समवर्त्तन' ही वहाँ का प्रधान आदर्श बना हुआ है। व्यवहार में समानता, दर्शन में विषमता ही वहाँ की स्वाभाविक चर्या है, जो चर्या भारतीय आदर्श से ठीक विपरीत है।

समदर्शनानुगत विषमवर्त्तनलक्षण भारतीय आदर्श, तथा विषमदर्शनानुगत-समवर्त्तनलक्षण पश्चिमी आदर्श, इन दोनों विभिन्न आदर्शों से स्वाभाविक जीवनधारा में क्या विशेषता उत्पन्न हुई ?, यह भी एक स्वाभाविक प्रश्न है, जिस का समाधान कर लेना भी अप्रासङ्गिक न माना जायगा। सिद्ध विषय है कि, समदर्शन से आत्मा उत्तरोत्तर विकसित होता जाता है, विषमदर्शन से आत्मा अधिकाधिक सङ्कुचित होता जाता है। समदर्शन के अनुगामी भारतवर्ष के आत्मा ने इसी विकास के आधार पर विचार-स्वातन्त्र्य को जन्म दिया। भारतीय राजनैतिक क्षेत्र में, तथा धार्मिक क्षेत्र में सबको अपने अपने विचार प्रकट करने की पूरी स्वतन्त्रता मिली। यदि एक ओर यहाँ ईश्वरसत्ता के अनुयायी आस्तिकों के विचार मान्य हुए, तो दूसरी ओर ईश्वरसत्ता का आत्यन्तिक विरोध करने वाले नास्तिकों के विचार भी सुने गए। यही नहीं, नास्तिकों के विचार-स्वातन्त्र्य को पुष्पित पल्लवित होने का अवसर दिया गया, जिसके फलस्वरूप आत्मवादी भारतवर्ष के प्राङ्गण में अनात्मवादी नास्तिकदर्शन भी अपना स्वरूप प्रतिष्ठित कर सके। यही क्यों, जिस सीमा तक उन के स्वतन्त्र विचार उपादेय थे, उन का समादर भी किया गया। परिणामस्वरूप अपना अपना विभिन्न दृष्टिकोण रखने वालीं सभी सम्प्रदाएँ, सभी मतवाद भारतीय आर्षधर्म (सनातनधर्म) की शीतल छाया में स्थान पा सके। इसी विचारस्वातन्त्र्य के बल पर आर्षधर्म के मूलस्तम्भरूप वेदशास्त्र

*-"तस्मादेतस्यां प्रतीच्यां दिशि ये केचन नीच्यानां राजानः, येऽपाच्यानां, स्वाराज्यायैव तेऽभिषिच्यन्ते । स्वराडित्येनान भिषिक्तानाचक्षते"। ऐतरेयब्रा० ८।१४।

उपेक्षा करने वाले श्रीगौतमबुद्ध को भी यहाँ की उदार प्रज्ञा ने 'अवतार' मानने में संकोच न किया। यही कारण था कि, यहाँ बहुत कम ऐसे अवसर आए, जिनमें राजनैतिक, तथा धार्मिक क्षेत्रों में संघर्ष उपस्थित हुआ हो। धार्मिक विचारों की स्वतन्त्रता का उल्लेख करते हुए वेदभगवान् ने एक स्थान पर कहा है कि, 'धर्म्म-बल के बल पर एक निर्बल मनुष्य भी सबल का नियन्त्रण कर सकता है'*।

आत्मविकासमूलक उक्त विचारस्वातन्त्र्य के साथ साथ क्या शारीरक के दृष्टि-कोण से यहाँ कर्म्मपारतन्त्र्य भी यथानुरूप व्यवस्थित रहा। अपने अपने विचारों को स्वतन्त्र रखते हुए भी यहाँ कर्म के सम्बन्ध में कभी स्वतन्त्रता का समावेश न हुआ। प्रजा ने जहाँ अपने स्वतन्त्र विचार प्रकट करने में कोई संकोच नहीं किया, वहाँ सत्ता के प्रति व्यवस्थित अपने नियत कर्म्मों में भी कभी उदासीनता न दिख-लाई। इसी प्रकार सत्ता ने प्रजा के प्रति भी अपने कर्त्तव्यपालन में उदासीनता का प्रवेश न होने दिया। यही नियम सामाजिक, तथा कौटुम्बिक व्यवस्थाओं की मूलप्रतिष्ठा बना रहा। इसप्रकार–'स्वे स्वे कर्म्मण्यभिरत संसिद्धिं लभते नर' (गी० १८।४५) के अनुसार सब श्रेणियाँ अपने अपने अधिकारसिद्ध प्राकृतिक विभिन्न कर्त्तव्यों की ही अनुगामिनी बनीं रहीं। कर्त्तव्यभेद जहाँ भारतराष्ट्र की विभिन्न श्रेणियों की प्रातिस्विक स्वरूपरक्षा का कारण बना, वहाँ समानदर्शन ने इन्द्र 'एक-राष्ट्र', किंवा 'विश्वबन्धुत्व का भी अनुगामी बनाए रक्खा। और विचारस्वातन्त्र्या-नुगत कर्त्तव्यभेदमूलक इसी समदर्शनानुगत विषमवर्त्तनरूप आदर्श ने 'मा कश्चित् दुःखभाग् भवेत्' का सर्वप्रथम आविष्कार किया।

ठीक इस के विपरीत विषमदर्शन, तथा समवर्त्तन को आदर्श मानने वाले पश्चिमी देशों ने विषमदर्शन के आधार पर जहाँ विचार-पारन्त्र्य को जन्म दिया, वहाँ समवर्त्तन के आधार पर कर्म्मस्वातन्त्र्य की प्रतिष्ठा की। इसप्रकार वहाँ 'आत्म-सम्बन्धानुगता' पशुवृत्ति' ने जन्म लिया। विचारों का पारतन्त्र्य जहाँ आत्मसंकोच

*–"अथोऽबलीयान् बलीयांस समाशंसते धर्म्मेण, यथा राज्ञा–एवम्"।

का कारण बनता हुआ आत्मदासता का कारण है, वहाँ कर्त्तव्य की स्वतन्त्रता यं स्वेच्छाचार-विहार करने वाले पशुओं की पशुवृत्ति का ही नग्न प्रदर्शन है । पशुधर्म्म का, जिसे वर्तमान परिभाषा में 'स्वतन्त्रता' कहा जाता है—वेद में आख्यान के द्वारा बड़ा ही सुन्दर विश्लेषण हुआ है । आख्यान के तात्त्विक विश्लेषण की ओर न जाकर यहाँ केवल उसका सामान्य स्वरूप उद्धृत कर दे ही पर्याप्त मान लिया जायगा ।

''ईश्वरप्रजापति ने असुर, देवता, पितर, मनुष्य, पशु' ये पाँच सन्त उत्पन्न कीं । पाँचो ने अपनी जीवनरक्षा के लिए पिता प्रजापति (ईश्वर) से प्रार्थना की कि, आपने हमें उत्पन्न तो कर दिया । किन्तु हमारे लिए अन्न ऐसी व्यवस्था करने का भी अनुग्रह होना चाहिए, जिससे हम जीवित रह सकें प्रजापति ने सन्तानों की इस प्रार्थना पर देवताओं को यह आदेश दिया कि, तु वर्ष में एक बार 'स्वाहा' नाम का तो अन्न मिला करेगा, 'सूर्य' तुम्हारा प्रका रहेगा । पितरों को यह आश्वासन दिया कि, प्रत्येक महीने के अन्त में (अमावस्या में) तो तुम्हें 'स्वधा' नाम का अन्न मिलेगा, एवं 'चन्द्रमा' तुम्ह प्रकाश रहेगा । मनुष्यों को यह कहा गया कि, प्रतिदिन साय प्रातः तुम्हें 'अ मिलेगा, 'प्रजा' (सन्तति) सम्पत्ति मिलेगी, मृत्यु तुम्हारा स्वाभाविक धर्म्म होग एवं 'अग्नि' तुम्हारा प्रकाश होगा । पशुओं को यह आदेश मिला कि, तुम खा पान के सम्बन्ध में सर्वथा 'स्वतन्त्र' रहोगे । तुम दिन में, रात में, चलते, फिर सोते, बैठते, जब भी, जहाँ भी, जो भी कुछ मिल जाय, खा सकोगे । पाँचों सन्ता में असुर सब से ज्येष्ठ थे । क्योंकि ज्येष्ठ सन्तान में पिता की सम्पत्ति पर प आक्रमण करने की स्वाभाविक मनोवृत्ति है । अतएव-'शश्वदुष्यसुरा उपसेदु इस कथन के अनुसार जब जब देवता, पितर, मनुष्य, पशु, चारों क्रमशः प्रजापति के समीप जीवन-व्यवस्था के लिए पहुँचे, तब तब ही असुर भी पहुँच रहे । असुरों में धैर्य्य न था, क्योंकि धैर्य्य आत्मधर्म्म है । उधर वरुणप्रधा आप्यप्राण ही असुरों का अपना स्वरूप है । अपनी स्वाभाविक इसी अनीयवृत्ति पुरस्कार में प्रजापति ने यह आदेश दिया कि, 'माया' (छल-कपट-धूर्तता मिथ्या मायामृत-धोखा) तुम्हारा अन्न होगा, एवं 'अन्धकार' तुम्हारा प्रकाश । आ

र श्रुति कहती है कि, प्रजापति ने आरम्भ में इन पाँचों के लिए जो व्यवस्था थी, आजतक और तो सभी प्रजावर्ग उसी नियम को मानता चला हा है, परन्तु मनुष्यप्रजा इस नियम का (अपने दोष से कभी कभी) नन कर जाती है। (अतएव एकमात्र इसी के लिए शास्त्रोपदेश हुआ है)।" सए—शतपथब्राह्मण २ काण्ड, ४ अध्याय, २ ब्राह्मण)।

उक्त श्रौत आख्यान से निष्कर्ष यह निकला कि, यथेच्छाचारविहार-ण कर्मस्वातन्त्र्य मानवधर्म नहीं अपितु पशुधर्म्म है। एवमेव छल-आत्म-वञ्चना धोका आदि आसुरधर्म्म है, मानवधर्म्म नहीं यदि कोई ताय मानव कर्म्म स्वातन्त्र्य को मानवस्वतन्त्रता कहता है, तो भारतीय कोण से ऐसी स्वतन्त्रता विशुद्ध पशुधर्म है। यदि कोई बुद्धिमान ालक्षण छलप्रपञ्च को ही स्वतन्त्रता का आन्दोलन कहता है, तो यह रा आसुर धर्म्म है। आत्मस्वातन्त्र्य ही वास्तविक स्वतन्त्रता है, वार-स्वातन्त्र्य ही स्वतन्त्रता की आधारशिला है, एवं यही पूर्व-पश्चिम विभिन्न आदर्शों का संक्षिप्त स्वरूप-विश्लेषण है।

आजकल के विचारशीलों का यह कहना है कि, 'जिस युग में भारतवर्ष का ष्ट्रों के साथ कोई सम्पर्क न था उस आङ्गल-युग में यह संभव था कि, भारतीय अपने आदर्शों को सुरक्षित रख सकी। परन्तु यातायात-साधनों की सुलभता आज भारतवर्ष का प्राय सम्पूर्ण विश्व की संस्कृतियों के साथ जब निकटतम बन्ध स्थापित हो गया है, तो उस दशा में केवल भारतीय आदर्शों का गुणानुवाद विशेष महत्त्व नहीं रखता"। विचारकों की इस धारणा के प्रति नम्र शब्दों हमें अभी यही निवेदन कर देना है कि, यह विचारधारा ऐतिहासिक तथ्य से सर्वथा दूर है। भारतीयों का सम्बन्ध यदि आज है, तो सहस्रों वर्ष पहिले भी था। हाँ ब स्मानरूप से सम्बन्ध है, पहिले शासक के रूप में सम्बन्ध था। पूर्ण विश्व को मानवधर्म की शिक्षा इसी भारतवर्ष ने सर्वप्रथम प्रदान की है।

भगवान् मनु का यह कथन कि,—* "भारतीय शिक्षागुरु ब्राह्मणों से सम
पृथिवी के मनुष्य अपना अपना चरित्र सीखें" इस बात का द्योतक है
भारतवर्ष का पुरायुग में भी बाह्य संस्कृतियों के साथ निकटतम सम्पर्क रहा है।
अतीत, तथा वर्त्तमान सम्पर्क में अहोरात्र का अन्तर है। अतीत सम्पर्क में ह
अपने आप को अपने आदर्शों पर प्रतिष्ठित रखते हुए जहाँ उन्हें आध्या
सम्पत्ति प्रदान करते हुए ऋणी बनाया था, वहाँ वर्त्तमान सम्पर्क में उनके
दृष्टिकोण के प्रभाव में आकर हम स्वयं उनके ऋणी बन गए हैं। आज
उनका अन्ध अनुकरण करते हुए विषमदर्शन, तथा समवर्त्तन का उद्घोष
लगे हैं। भारतवर्ष का प्राकृतिक जलवायु क्योंकि वहाँ के आदर्शों के अनु
क्षेत्र नहीं है। अतएव दोनों संस्कृतियों में पर्य्याप्त संघर्ष उपस्थित हो चला
अब देखना यह है कि, इस सांस्कृतिक संघर्ष में कौन बाजी मार ले जाता है!

समस्या इसलिए जटिल है कि, आज हमारे कोश में प्रस्तुत सांस्कृतिक संघ
विजय प्राप्त करने के साधनों का अभाव हो चला है। दुःखमयी आश्चर्य्य-
तो यह है कि, हम जिन साधनों को उपयोग में ला रहे हैं, वे वस्तुतः उन्हीं के
वर्द्धक सिद्ध हो रहे हैं, जैसा कि वर्त्तमान श्रेणिविभागों की विषमदर्शनानु
अहमहमिका के स्पष्ट है। वर्त्तमान भारत के विचारशील समुदाय को स्थूलरू
आज दो विभागों में विभक्त किया जा सकता है, एवं दोनों को क्रमशः धार्मि
एवं राजनैतिक, नामों से पुकारा जा सकता है। दोनों ही दल भारत के अभ्यु
के इच्छुक हैं, एवं इच्छानुसार यथाशक्य प्रयत्नशील भी हैं। परन्तु देखते हैं,
एकीकरण के सम्बन्ध में दोनों के ही प्रयत्न असफल से बनते जा रहे हैं। क्यं
समस्या के समन्वय से पहिले दोनों के मन्तव्यों, तथा कार्य्यप्रणालियों का विश्ले
कर लेना भी प्रासङ्गिक ही मान लिया जायगा।

आत्मवाद की प्रधानता से भारतवर्ष धर्मप्राण देश रहा है। कहने के
वर्त्तमान युग में भी इतर देशों की तुलना में भारतीय धर्मभावना का

---

* एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मनः।
स्वं स्वं चरित्रं शिक्षेरन् पृथिव्यां सर्वमानवाः ॥
—मनुः २।२०।

में विशेष समादर देखा सुना जाता है, फिर भले ही वर्त्तमान धर्म्मभावना, एवं धर्माचरण केवल नग्न प्रदर्शन ही क्यों न बन रहा हो। इन्हीं कतिपय कारणों से सर्वप्रथम धार्मिक समाज की कार्य्यप्रणाली का ही विचार अपेक्षित हो जाता है। वर्त्तमान दृष्टिकोण को लक्ष्य बनाते हुए धार्मिक समाज का हम 'धर्म्म-मत' इन दो भागों में वर्गीकरण कर सकते हैं। पुरुष (ईश्वर) से नित्य युक्त, सत्त्व-रज-स्तमोगुण-बहुला प्रकृति के द्वारा ही सम्पूर्ण चर अचर प्रपञ्च का सुव्यवस्थितरूप से उत्पादन-पालन पोषण हो रहा है। प्रकृति देवी अपने शाश्वत सत्य जिन नियमों से विश्वमर्य्यादाओं का सञ्चालन कर रही है, प्रकृति के वे अटल नियम ही विश्वस्वरूप को धारण किए हुए हैं। अतएव 'धारणाद्धर्म्ममित्याहुर्धर्म्मो धारयते-प्रजा' इस लक्षण के अनुसार उन प्राकृतिक नियमों की समष्टी को ही हम 'धर्म्म' कह सकते हैं। भूत भविष्यत्-वर्त्तमान के परिज्ञाता भारतीय महर्षियोंने ईश्वर-प्रदत्त दिव्य प्रतिभा के बल पर प्रकृति के उन गुप्त नियमों का साक्षात्कार किया। और उनके साक्षात्कार से उन्हें इस निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ा कि, जबतक मानव-समाज प्रकृति के उन नियमों के अनुरूप अपनी जीवनधारा प्रवाहित करना न सीख लेगा, तबतक उसे वास्तविक सुख-शान्ति न मिल सकेगी। इसी लोका-भ्युदय-भावना से प्रेरित होकर परम कारुणिक महर्षियों की ओर से उन प्राकृतिक नियमों के विश्लेषण के लिए ही 'वेदशास्त्र' का आविर्भाव हुआ। क्योंकि यह ऋषियों का प्रत्यक्ष ज्ञान था, अतएव इसे 'श्रुति' कहना अन्वर्थ माना गया। प्रकृतितत्त्व से सम्बन्ध रखने वाले अध्यात्म, अधिभूत, अधिदैवत, अधियज्ञ, आदि आदि सभी प्राकृतिक तत्त्वों का जैसा विश्लेषण इस शास्त्र (वेद) में हुआ है, वैसा अन्यत्र मिल सकना कठिन है।

प्राकृतिक तत्त्वों का विश्लेषण करने वाले, दूसरे शब्दों में धर्म्मलक्षण प्राकृतिक नियमों का रहस्योद्घाटन करने वाले वेदशास्त्र के आधार पर आगे चलकर मनु, याज्ञवल्क्य, वशिष्ठ, अङ्गिरा, आदि तत्त्वज्ञ विद्वानों ने कर्म्मात्मक नियमों का सङ्कलन किया। ये संकलित नियम ही आगे चलकर 'धर्म्मशास्त्र' नाम से व्यवहृत हुए। क्योंकि धर्म्मविधान वेदमूलक थे, अतएव इन्हें 'स्मृति' कहना अन्वर्थ माना गया। साथ ही इन के सम्बन्ध में यह कड़ी शर्त (शर्त) लगा दी गई कि, इन

के (स्मृतियों के) वे ही नियम-विधान (विधि-निषेध) प्रामाणिक माने जायँगे जो तत्त्वप्रतिपादिक वेदशास्त्र के अनुगामी होंगे। इसप्रकार प्राकृतिक नियमस्वरूप धर्म्म के लिए श्रुति, स्मृति, नामक दो शास्त्रों का उद्भव हुआ।

इस सम्बन्ध में यह स्मरण रखना चाहिए कि, वेदशास्त्र केवल 'विद्याशास्त्र' है, तत्त्वशास्त्र है। कब, क्या करना चाहिए ?, इन नियम-विधानों का, तथा अमुक कर्म्म क्यों नहीं करना चाहिए ?, इन निषेधों का वेदशास्त्र से कोई सम्बन्ध नहीं है। अपितु यह केवल धर्म्म के रहस्यज्ञान का, दूसरे शब्दों में प्राकृतिक विज्ञान का ही विश्लेषण करता है। अमुक नियम क्यों बनाया गया ?, अमुक विधि का मौलिक रहस्य प्राकृतिक आधार-क्या है ?, इस धर्म्मजिज्ञासा को शान्त करना ही वेद का मुख्य प्रतिपाद्य विषय है। इसी प्रकार धर्म्मशास्त्र केवल नियमविधानशास्त्र है, 'आदेशशास्त्र' है। अमुक कर्म्म ऐसे ही क्यों किया जाय ?, अमुक कर्म्म का मौलिक रहस्य क्या है ?, इत्यादि प्रश्नों का इस शास्त्र मे कोई सम्बन्ध नही है। यही नही, यदि कोई अज्ञानतावश स्मृतियों से तर्कमूला उपपत्ति की जिज्ञासा कर बैठता है, तो स्मृति उसे नास्तिक कहती हुई उसकी उपेक्षा कर बैठती है।

उक्त विवेचन से हमें इस निष्कर्ष पर पहुँचना पड़ा कि, धर्म्म किसी मानवीय कल्पना का सामयिक विधान नही है, अपितु प्राकृतिक नियमों का ही नाम धर्म्म है, जिसके रहस्यज्ञान का विश्लेषण तो वेदशास्त्र ने किया है, एवं इतिकर्तव्यता मन्वादि धर्म्मशास्त्रों में प्रतिपादित हुई है। इसी आधार पर 'वेदोऽखिलो धर्म्ममूलम्'-वेदाद्धर्म्मो हि निर्बभौ' इत्यादि सिद्धान्त स्थापित हुए हैं। निम्न लिखित माननीय वचन इन्हीं वेद-धर्म्म-परिभाषाओं का समर्थन कर रहे हैं—

या वेदविहिता हिंसा नियतास्मिंश्चराचरे।
अहिंसामेव तां विद्याद्वेदाद्धर्म्मो हि निर्बभौ ॥—मनुः

वेदोऽखिलो धर्म्ममूलं स्मृतिशीले च तद्विदाम्।
आचारश्चैव साधूनामात्मनस्तुष्टिरेव च ॥—मनुः २।६।

यः कश्चित् कस्यचिद्धर्म्मो मनुना परिकीर्त्तितः ।
स सर्वोऽभिहितो वेदे सर्वज्ञानमयो हि सः ॥—मनुः २।७।
सर्वं तु समवेक्ष्येदं निखिलं ज्ञानचक्षुषा ।
श्रुतिप्रामाण्यतो विद्वान् स्वधर्म्मे निविशेत वै ॥—मनुः २।८।
श्रुतिस्तु वेदो विज्ञेयो धर्म्मशास्त्रं तु वै स्मृतिः ।
ते सर्वार्थेष्वमीमांस्ये ताभ्यां धर्म्मौ हि निर्बभौ ॥—मनुः २।१०।
योऽवमन्येत ते मूले हेतुशास्त्राश्रयाद् द्विजः ।
स साधुभिर्बहिष्कार्यो नास्तिको वेदनिन्दकः ॥—मनुः २।११।
अर्थकामेष्वसक्तानां धर्म्मज्ञानं विधीयते ।
धर्म्मं जिज्ञासमानानां प्रमाणं परमं श्रुतिः ॥—मनुः २।१३।

भगवान् राम कृष्णादि अवतारपुरुष उक्तलक्षण धर्म्म के संस्थापकमात्र माने हैं। मानवीय प्रज्ञापराध से जब जब प्राकृतिक नियमलक्षण धर्म्म में विपर्य्यय लगता है, तब तब ही प्रकृति से नित्य संश्लिष्ट पुरुष (चिदात्मा) का अवतार होता है । इन्हीं कारणों से वेद-धर्म्मशास्त्रसिद्ध प्राकृतिक ईश्वरीय यह धर्म्म धर्म्म कहलाया है, जिसकी मूलप्रतिष्ठा 'शाश्वतस्य च धर्म्मस्य'-(अहं ष्ठा)'—गी० १४।२७। के अनुसार स्वयं अव्ययेश्वर माने गए हैं। इसी भव भाव से यह प्राकृतिक वेदधर्म 'सदा भव.' निर्वचन से 'सनातनधर्म्म' लाया है। वेदमूलकत्वेन यही 'वेदधर्म्म' है, ऋषिप्रतिष्ठित्वेन यही 'आर्षधर्म्म' मनुप्रतिपादकत्वेन यही 'मानवधर्म्म' है । एवं प्रकृति की सत्य नियति से बन्ध गवता हुआ यही 'सत्यधर्म्म' है, जिसका निम्न लिखित शब्दों में अभि हुआ है—

"ब्रह्म वाऽइदमग्रऽआसीत्-एकमेव । तदेकं सन्न व्यभवत् ।
च्छ्रेयोरूपमत्यसृजत-क्षत्रम् । स नैव व्यभवत् । स विशमसृजत ।

नैव व्यभवत् । स शौद्रं वर्णमसृजत पूषणम् । स नैव व्यभवत् ।
च्छ्रेयो रूपमत्यसृजत धर्म्मम् । तदेतत् क्षत्रस्य क्षत्रं-यद्धर्म्मः,
स्माद् धर्म्मात् परं नास्ति । अथोऽबलीयान् बलीयांसं समा
शंसते धर्म्मेण, यथा राज्ञा-एवम् । यो वै स धर्म्मः, सत्यं वै तत् ।
स्मात् सत्यं वदन्तमाहुः 'धर्म्मं वदति' इति, धर्म्मं वा वदन्तं-
सत्यं वदति' इति । एतद्ध्येव एतदुभयं भवति" ।

--शतपथब्रा० १४।४।२। इति ।

तात्पर्य्य श्रुति का यही है कि,-"ब्रह्मप्रजापति ने यह कामना की कि, मैं विश्व
निर्म्माण करूँ । परन्तु उस समय प्रजापति एकाकी थ । फलत एकाकी रहते हुए
प्रजानिर्म्माण में समर्थन न हो सके । इस कमी की पूर्त्ति के लिए उन्होंनें अपने
(ज्ञानलक्षण ब्रह्मरूप से भी) उत्कृष्ट (कर्म्मलक्षण) क्षत्ररूप उत्पन्न किया,
ो कि क्षत्ररूप इन्द्र, वरुण, सोम, रुद्र, पर्जन्य, यम, मृत्यु, ईशान, इन
आठ विभिन्न शक्तियों में परिणत हुआ । इस क्षत्र (कर्म्म) रूप से भी जब
ाम न चला, तो ब्रह्म (ज्ञान) ने वसु, रुद्र, आदित्य विश्वेदेव, मरुत्,
भेद से पञ्चधा विभक्त विट् (अर्थबल) उत्पन्न किया । जब इस विट् (अर्थ)
भी काम न चला, तो ब्रह्म ने 'पूषा' नामक शूद्रवर्ण (सेवाबल) उत्पन्न
किया । इसप्रकार एकाकी ब्रह्मबल (ज्ञानबल) वैभवप्राप्ति की कामना से ब्रह्म-
क्षत्र-विट् शूद्र, इन चार बलों में परिणत हो गया । परन्तु इस पर भी काम पूरा
न हुआ । चारो वर्ण किसी मर्य्यादासूत्र के अभाव में सुसंघटित न हो सके ।
स अन्तिम विघ्ननिवृत्ति को दूर करने के लिए सर्वान्त में प्रजापति ने चारों से
श्रेष्ठ धर्म्म उत्पन्न किया, एवं उसकी रक्षा का भार क्षत्रिय पर डाला । अतएव
यह धर्म्म क्षत्रिय का क्षत्रियत्व कहलाया, जिसके निर्बल बन जाने से क्षत्रिय अपना
स्वरूप भी सुरक्षित नहीं रख सकता, साथ ही बिना क्षत्रदण्ड के इतर प्रजा भी
धर्म्म से विमुख होती हुई अपना सर्वनाश करा बैठती है । क्योंकि धर्म्म ही प्रजा
की प्रतिष्ठा है । अतएव धर्म्म को सर्वश्रेष्ठ माना गया है । इसकी सर्वश्रेष्ठता का
यही प्रमाण है कि, एक निर्बल मनुष्य अधर्म्माचरण करने वाले बलवान् को भी

कार डाँट सकता है, जैसे समर्थ शासक अन्यायी का दमन कर देता है। प्रसिद्ध धर्म्म सत्य ही है। अतएव सत्य का व्यवहार धर्म्म नाम से, एवं का व्यवहार सत्य नाम से प्रसिद्ध है"।

सत्य त्रिकालाबाधित है। यह सत्य ही धर्म्म, किंवा धर्म्म ही सत्य है। फलतः मर्व इस सनातन प्राकृतिक धर्म्म का नित्यत्व भलीभाँति सिद्ध हो जाता है। य कल्पना अवश्य ही देश-काल-पात्र-द्रव्य-श्रद्धादि के तारतम्य से बदल है, परन्तु 'प्रकृति पुरुष चैव विद्धयनादी उभावपि' (गी० १३।१६।) नुसार नित्य प्रकृति का यह नित्य नियमसूत्र (धर्म्म) कभी नहीं बदलता। भारतीय सनातनधर्म्म का अपरिवर्त्तनीयत्व है, जिसके तात्त्विक स्वरूप को नकर वर्त्तमान युग के परिवर्त्तनवादी जिसके परिवर्त्तन के कल्पित स्वप्न देख । धर्म्म के इस संक्षिप्त विश्लेषण के अनन्तर दूसरे 'मतवाद' की ओर । लक्ष्य जाता है।

तत्तत् समयविशेषों में तत्तत् समय के तत्तत् शिष्ट पुरुषों के द्वारा समाज-था के लिए सामयिक परिस्थिति के अनुरूप, किन्तु प्राकृतिक धर्म्म को मूला-बनाने वाले जिन तात्कालिक नियमोपनियमों का उद्गम होता है, उन सयिक नियमोपनियमों की समष्टि ही 'मतवाद' है। धर्म्म का जहाँ ईश्वरीय से सम्बन्ध है, वहाँ मतवाद का मानवीय कल्पना से सम्बन्ध है, जो समय-। के लिए ही उपादेय माना जा सकता है। मतवाद परिस्थिति के परिवर्त्तन थ, किंवा देशकालादि परिस्थिति के भेद से बदल सकते हैं, विभिन्न हो सकते किन्तु धर्म्म (सनातनधर्म्म) देशकाल की परिस्थिति से सर्वथा बहिर्भूत है। त, विशिष्टाद्वैत, शुद्धाद्वैत, द्वैताद्वैत, द्वैत, आदि शाङ्कर-वैष्णव सम्प्रदाएँ मतवाद के गर्भ में समाविष्ट हैं, जिनका सनातनधर्म्मपोषकत्वेन भारतीय प्रजा ने समादर किया। बुद्ध, दयानन्दादि से सम्बन्ध रखने वाले मतवाद प्रथतः सामयिक स्थिति की दृष्टि से मतवाद माने जा सकते हैं। तथापि क्योंकि नें (बुद्ध ने) वेदमन्त्रों का निरादर किया, एवं स्वामी दयानन्दजी ने र्म के सम्बन्ध में चिरन्तन परम्परा की उपेक्षा कर स्वकल्पना को प्रधानता दे

डाली। अतएव धर्म्मप्राण भारतीय प्रजा इन का, एवं तत्सम अन्याय मी
वादों का हृदय से समर्थन न कर सकी । धर्म, एवं मतवाद का जो संघर्ष
भारतवर्ष में चल रहा है, उसके स्पष्टीकरण के लिए ही हमें इनका स्वरूप दिग्द
कराना पड़ा।

मतवाद, तथा धर्म्म में क्या अन्तर है ?, किस प्रकार से आज छल
मतवाद ही 'धर्म्म' बने हुए हैं !, मतवादात्मक इन अवैज्ञानिक धर्मों ने
प्रकार आज भारतराष्ट्र सभी क्षेत्रों में सर्वथा निष्फल प्रमाणित हो रहा है !,
प्रकार एक ओर अपने आपको धर्म्मधुरीण मानने वाला वर्ग इस धर्म्मभावु
से राष्ट्र की धर्म्मभीरु भावुक प्रजा को निर्लज्ज बनाता जा रहा है ? एवं किस
दूसरी ओर अपने आपको नीतिधुरीण अनुभूतकरने वाला वर्ग राष्ट्रीयता के व्याम
माध्यम से राष्ट्रभक्त धर्मनिरपेक्ष उच्छृंखल प्रजा को और भी अ
उच्छृंखल बनाता जा रहा है ?, आदि आदि प्रश्नपरम्पराएँ पुन पुन प्रत्येक
प्रज्ञाशील मानव का ध्यान इस गम्भीर प्रश्न की ओर ही आवर्तित कर रहीं हैं

क्या हम मानव हैं ?

अभिनिविष्ट है आज का धर्म्मभावुक मानव, एवं आक्रोशपूर्वक-दुरभि
निविष्ट है आज का (नैतिक-बल समर्थक) धर्म्मनिरपेक्ष मानव (कामेमेन)। धर्
न तो धर्म्म के साथ ही अभिनिवेश का कोई सम्बन्ध, एवं न नीति ही अभिनि
को लक्ष्य बनाती। अपितु अभिनिवेश तो आश्रय बनाता है अधर्म्म, और अन
को। धर्म्ममूला नीति जहाँ अभिनिवेश को सर्वथा उपशान्त कर देती है,
अधर्म्ममूला अनीति अभिनिवेश का उत्तरोत्तर समुत्तेजित हो करती रहती है। वि
सत्ता के कुनिष्ठापूर्ण कुचक्र से भारतीय भावुक-प्रजा ने जब से धर्म्म, और नीति
पार्थक्य किया है, तभी से इसके पतन, एवं दुर्दिन का श्रीगणेश हो पड़ा है । इ
है-साम्राज्ञी विक्टोरिया ने जब यह घोषणा की कि-"हम भारतवर्ष के धर्म्म
कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे। क्योंकि धर्म्म का शासननीति से कोई सम्ब
नहीं है" तो यहाँ की भावुक प्रजा आनन्दविभोर हो पड़ी। और

-कोटि कण्ठों के कलरवने कृतज्ञता अभिव्यक्त कर डाली अपनी इस धर्मप्रिया !
ाज्ञी के प्रति ।

इसी घोषणा के बल पर भारतराष्ट्र की भावुक प्रजा का, विशेषत: भावुक धर्म-
-प्रजा के कर्णधार अनन्य राजभक्त सम्प्रदायाचार्यों का, एवं तदुच्छिष्टभोगी भार-
-सनातनधर्मावलम्बी विद्वानों का यह आराध्य मन्त्र बन गया कि-"नीति-किंवा
नीति से हमारे धर्म्म का कोई सम्बन्ध नहीं है"। प्रत्येक धार्मिक सभा में
लपाठ की भाँति सर्वप्रथम राजभक्ति (प्रतीच्य-शासनभक्ति) का यशोगान-
गान, तदनन्तर 'हमारी सभा का राजनीति से कोई सम्बन्ध नहीं है'
मन्त्र का सस्वर उद्घोष, एवं तदनन्तर विविध प्रस्ताव-अनुमोदन-समर्थनात्मक
विजृम्भणमात्र, सर्वान्ते च 'बोल सनातनधर्म्म की जय' के तुमुलनाद से सभा
समाप्ति के माध्यम से धर्म्म का प्रचार प्रक्रान्त रहा, जिस प्रक्रान्ति का वर्त्तमानयुग
'धर्म्म की जय हो, अधर्म्म का नाश हो' इस नारे से अधिक कोई महत्त्व
ीं था।

शास्त्ररहस्यवेत्ता हमारे आचार्यों को, धर्म्मधुरीण मान्य विद्वानों को सम्भवत.
रताव‌श ? ही जानते हुए भी यह भुला देना पड़ा होगा कि, राजनीतिरूप शासन-
ड का सञ्चालक सत्तातन्त्र यहाँ तत्त्वत -मूलत धर्म्म का ही संरक्षक माना
ा है। यदि शासक अपनी शासननीति में धर्म की उपेक्षा कर देता है, तो सुप्रसिद्ध
न' सम्राट् की भाँति उसे शवशरीर में ही परिणत कर दिया जाता है यहाँ की राष्ट्रप्रजा
द्वारा। एकमात्र धर्म्मरक्षा के लिए ही नीतिकुशल शासक को * सुमहत्तेजोमय
ड जागरूक बनाए रखना पड़ता है । स्वयम्भू, विवस्वान्, इक्ष्वाकु,
त्यधर्म्मनिष्ठ राजर्षि हरिश्चन्द्र, भक्तप्रवर अम्बरीष, धर्म्म के साकाररूप
हाराज शिवि, आदि के धर्म्मानुगत नैतिक शासनकाल सुप्रसिद्ध हैं ।

---

* दण्डो हि सुमहत्तेजो दुर्द्धरश्चाकृतात्मभिः ।
धर्म्माद्विचलितं हन्ति नृपमेव सबान्धवम् ॥
—मनु ७।२८।

सर्वोपरि धर्म्मग्लानिमात्र के उपशम के लिए, तथा ५
मोहान्ध तत्कालीन मारीच-सुबाहु-रावण-कुम्भकरणादि-प्रमुख
निरपेक्ष राक्षसादि के सर्वनाश के लिए 'मनुज' अवतार धारण
वाले हिरण्यगर्भ-विराट्प्रजापतिरीश्वर की सगुणमूर्त्ति भगवान् राम
जिनका कि प्रजानुरञ्जन कवियों की भाषा में इसप्रकार उपवर्णित है
"मैं अपनी प्रजा की सुख-शान्ति-समृद्धि के लिए आवश्यकता
पड़ने पर अपने स्नेही मित्रों के स्नेह का परित्याग कर सक
मानवधर्म्मोचिता दया को जलाञ्जलि समर्पित कर सकता
सम्पूर्ण वैय्यक्तिक सुख-सुविधाओं का विसर्जन कर सकता
और प्रजानुरञ्जन के लिए यदि मुझे अपनी अर्द्धाङ्गिनी
छोड देने का अवसर आजाय, तो वैसा कर देने में भी
यत्किञ्चित् भी पीडा न होगी"*—पुन ऐसे धर्म्म और
मर्यादा राम के-(जिन के नाममात्र के उद्घोष से हम अपने
निरपेक्ष केवल नीतिपथ के द्वारा आज 'रामराज्य' के स्वप्नों क
यहा की धर्म्मभीरु प्रजा की वञ्चनामात्र करते जा रहे हैं, जिस
साम्प्रदायिक रामराज्यवादियों' के वञ्चनापथ से और कोई अधिक
नहीं है) और ऐसे जनमनमानस राम के धर्म्मप्रधान-मर्य्यादा-समन्वित
शासन में भी सम्भवत यहाँ की प्रजा अपरिचित न होगी। सुप्रसिद्ध भ
सम्राट् अश्वपति कैकेयराज का शासनकाल भी इसी धर्म्मनिष्ठा के
प्रसिद्ध है, जिन के कि धर्म्मानुगत नैतिक राज्य का स्वयं वेदशा
यों यशोगान हुआ है कि—

---

*—स्नेहं-दयाञ्च-सौख्यं च यदि-वा जानकीमपि ।
आराधनाय लोकाना त्यजतो नास्ति मे व्यथा ॥

—उत्तररामचरित्र

"न मे स्तेनो जनपदे, न कदर्य्यः, न मद्यपः, नानाहिताग्निः, नाविद्वान्, न स्वैरी, स्वैरिणी कुतः" (छान्दोग्य उप० ५। ११। ५)।

अर्थात्–"मेरे राज्य में कोई चोर नहीं है, कोई अर्थलिप्सु नहीं है कोई सुरापी (शराबी) नहीं है, कोई अयज्ञिय ब्राह्मण नहीं है, कोई मूर्ख नहीं है। न कोई व्यभिचारी ही है, फिर व्यभिचारिणी की तो कल्पना ही कैसे की जासकती है"। क्योंकि जिस राष्ट्र का पुरुषसमाज धर्म्मच्युत बन कर स्वैराचारपरायण बन जाता है, उसी राष्ट्र का नारीवर्ग असत्पथानुगामी बनता है। 'नर एव अपराध्यति, न तु नारी' यही सिद्धान्तपक्ष है। मूलतः दोष नर का ही है, नारी का नहीं। अतएव अदण्ड्या ही मानी गई है, अनपराधिनी ही उद्घोषित हुई है यहाँ नारी। महाभारत शान्तिपर्व राजधर्म्म प्रकरण में (७७ वें अध्याय में) इसी उक्त श्रौत यशोगान का महात्मा भीष्म ने विस्तार से उपवर्णन किया है युधिष्ठिर के प्रति। कवन्ध अथर्वा नामक राक्षसराज अश्वपति के शरीर में प्रविष्ट हो जाते हैं धर्म्मपरीक्षार्थ। एवं इस परीक्षा से सन्तुष्ट राक्षसराज अश्वपति की धर्म्मनिष्ठा से तुष्ट-तृप्त हो कर कहने लगते हैं कि—

यस्मात्सर्वास्ववस्थासु धर्म्ममेवान्ववेक्षसे।
तस्मात् प्राप्नुहि कैकेय! गृहं, स्वस्ति! व्रजाम्यहम् ॥१॥
येषां गोब्राह्मणं रक्ष्यं, प्रजा रक्ष्याश्च कैकय!।
न रक्षेभ्यो भयं तेषां, कुत एव तु पावकात् ॥२॥
येषां पुरोगमा विप्रा येषां ब्रह्मपरं बलम्।
अतिथिप्रियास्तथा पौरास्ते वै स्वर्गजितो नृपाः ॥३॥
—म० शा० रा० ७७ अ०।

[अर्थात्–हे केक्यराज! क्योंकि आप सदा सभी अवस्थाओं–सभी शासननीतियों में–'धर्म्म' को ही आधार बनाए रहते हैं, अतएव आप सकुशल–सानन्द, स्वस्थान में पधारिये! हे राजन्! आपका सदा मङ्गल

स्वस्ति) हो ! मैं भी आप की इस धर्मनिष्ठा से तुष्ट-तृप्त बन कर जा रहा हूँ । इत्यादि]

आत्मानुगत सत्य ही धर्म्म है, शरीरानुगत सत्य ही नीति है। शरीरानुगत सत्य का सत्यत्व क्योंकि आत्मसत्य पर ही अवलम्बित है । अतएव धर्मरूप आत्मसत्य को 'सत्यस्य सत्यम्' माना है श्रुति ने । इस 'सत्यस्य सत्य' रूप आत्मधर्म से नियन्त्रित रह कर ही शरीरसत्यरूपा नीति (लोकजीवन) धर्ममर्य्यादा में प्रतिष्ठित रहती है । अतएव यों परम्परया नीति भी धर्म का ही व्यक्तरूप बनी रहती है । अतएव नीति को भी 'नीतिधर्म्म' रूप से यहाँ की प्रशा ने 'धर्म्म' नाम से ही व्यवहृत कर दिया है । किन्तु यह स्मरण रखना चाहिए कि—धर्म्म मूलतः आधार तत्त्व है, नीति इस मूलाधार पर प्रतिष्ठित आधेय तत्त्व है । अतएव दोनों तत्त्वत, पृथक् तत्व हैं । धर्म्मसम्मता नीति ही यहाँ 'नीति' मानी गई है । जो नीति, जो लोकशासन इस धर्म्म को निरपेक्ष बना लेता है, वह शासननीति स्वप्रतिष्ठा से वञ्चित होती हुई निश्चयेन अनीति बनती हुई अधर्म्मरूप में ही परिणत हो जाया करती है—'तस्माद्धर्म्ममेव परमं वदन्ति' । 'धर्म्मासनमधिष्ठाय सवीताङ्गः समाहित.' (मनुः ८।२३)- इत्यादि के अनुसार धर्म्म ही नीतिकुशल शासक का आसन (प्रतिष्ठास्थान) माना गया है । देश-काल-पात्रादि के तारतम्य से शासननीति में परिवर्त्तन हो सकता है, हुआ करता है । किन्तु तदाधारभूत शाश्वत धर्म्म सर्वथा अपरिवर्त्तनीय तत्त्व है । अतएव यहाँ के नीतिकुशल शासक को यही आदेश मिला है कि—

> एषु स्थानेषु भूयिष्ठं विवादं चरतां नृणाम् ।
> धर्म्मं शाश्वतमाश्रित्य कुर्य्यात् कार्य्यविनिर्णयम् ॥
>
> —मनुः ८।८।

[नैतिक अनुशासन-प्रसङ्गों में जहाँ स्वयं नीतिकुशल शासक (सत्ता) निर्णय करने में असमर्थ बन जाय, उस अवस्था में उसे शाश्वत धर्म्म को आधार बन कर ही निर्णय करना चाहिए] । ___

शासन यदि स्वयं अपने आपको धर्म्मनिर्णय में असमर्थ अनुभूत करता है, तो उस दशा में उसे धर्म्मरहस्यवेत्ता वेदवित् विद्वान् की ही नियुक्ति करनी पड़ती है। कदापि केवल नीति से ऐसे विवादों का निर्णय नहीं हो सकता (८।९।)। जिस लोकसभा, किंवा आज के शब्दों में धारासभा में धर्म्म अधर्म्म से, सत्य मिथ्या से अभिभूत हो जाता है, और इस अभिभूति को तत्र समवेत सभासद तटस्थ बन कर देखा करते हैं, वे सभासद मृततुल्य ही माने गए हैं (८।१४)। तस्मात्—

धर्म्म एव हतो हन्ति, धर्म्मो रक्षति रक्षितः ।
तस्माद् धर्म्मो न हन्तव्यः-मा नो धर्म्मो हतोऽवधीत् (८।१५)
वृषो हि भगवान् धर्म्मस्तस्य यः कुरुते ह्यलम् ।
वृषलं तं विदुर्देवास्तस्माद्धर्म्मं न लोपयेत् ॥
—मनु ८।१६।

यह अत्यन्त दुर्भाग्य है इस भारतराष्ट्र का कि, जिन शास्त्रनिष्ठ विद्वानों, आचार्य्यों के सम्प्रदायवादनिरपेक्ष विशुद्ध तत्त्वात्मक-ज्ञानविज्ञानात्मक जिस धर्म्म की प्रतिष्ठा से राष्ट्रप्रजा जागरूक बनी रहती थी, राष्ट्र का वह ब्रह्मवर्चस्वी ज्ञानविज्ञाननिष्ठ ब्रह्मबल पौरुषबलसंरक्षक-प्रवर्त्तक क्षत्रबल के उच्छृङ्खल बन जाने से सर्वथा ही स्वनिष्ठा से पराङ्मुख बन गया। इसकी इस पराङ्मुखता से ही आगे जाकर क्षात्र (पौरुष) बलयुक्त (सत्ताबलात्मक) शासनतन्त्र सर्वथा ही निस्तेज बन गया। और यों * अभिगन्ता पथप्रदर्शक धर्म्मरक्षक ब्रह्म के, तथा कर्त्ता नीतिरक्षक-क्षत्र (शासक) के निस्तेज बन जाने से राष्ट्र का अर्थबल सर्वथा ही अरक्षित-अव्यवस्थित बनता हुआ आततायी गिद्धों का ही भोग्य बन गया। स्वप्रतिष्ठाशून्य राष्ट्र के ब्रह्म-क्षत्र-बलों ने ही सर्वप्रथम आक्रान्ता आततायी-वर्ग के प्रति अपनी सेवाएँ प्रणतभाव से समर्पित कर डालीं, और इसी बिन्दु पर उस जघन्या-सर्वस्वस्वघातिका महाभयावहा उस 'राजभक्ति' का सूत्रपात हो पड़ा, जिसके महान् व्यामोहनपाश से आज के गए

---

* ब्रह्मैव मित्रः, क्षत्रं वरुणः। अभिगन्तैव ब्रह्म, कर्त्ता क्षत्रियः।
—शत०ब्रा० ४।१।४।१।

न्त्रात्मक-प्रजातन्त्र के सर्वतन्त्र-स्वतन्त्र वातावरण में भी राष्ट्र का कोई सा र्म र्ग (विशेषत: ब्रह्मतत्त्वसन्देशवाहक विद्वद्वर्ग तो अवश्य ही) अपने आपको उन्मुक्त नहीं कर सका है।

स्पष्ट है कि, इसकी इस आत्मबुद्धिदासतामूला (विचारपारतन्त्र्यमूला) जघन्या राजभक्ति' को जैसा बल यवन (सिकन्दरादि)-एवं मुसलमान-आदि शासकों के युग में भी न मिला था, वह बल इसे उस नीतिकुशल ब्रिटिशयुग में मानो वरदान ? रूप से सहज में ही प्राप्त हो पड़ा, जिसने तो इसकी संस्कृतिमूला स्वराष्ट्र-धर्मनिष्ठा को सर्वथैव अभिभूत कर लिया। और इस अभिभव का मूलसूत्र बना महारानी विक्टोरिया की वही भावुकताप्रवर्त्तिका उदार ? घोषणा, जिसका-'हम तुम्हारे धर्म्म में कोई हस्तक्षेप नहीं करेंगे' इत्यादि रूप से पूर्व में दिग्दर्शन कराया जा चुका है। विगत-भुक्त-आक्रमण-परम्पराओं के फलस्वरूप धर्म्म के वैदिक स्वरूपबोध से सर्वथैव वञ्चित यहां के धर्मभीरु विद्वानों की, तदनुगामिनी भावुक प्रजा की, एवं तत्समतुलित ही क्षत्रिय शासकों-सामन्तों की, तथा तदुच्छिष्ट-भोगिनी दासानुदासा प्रजा की 'राजभक्ति' में व्यामोहनमूला उक्त घोषणा ने मानो चार चाँद ही लगा दिए।

धर्म्म, और नीति के मर्म्म को शताब्दियों से प्रयासपूर्वक भुलाते रहने में ही अपना महान् पौरुष ? प्रक्रान्त रखने वाली राष्ट्रप्रजा ने एक क्षण के लिए भी उक्त घोषणा के उस स्नायु-मज्जा-वेधक घातक मर्म्म का अनुभव न किया, जिसके द्वारा वे नीतिकुशल इस राष्ट्र की भावुक प्रजा को केवल इसी व्यामोहन में डाल देना चाहते थे कि,-"देखो! आज से (बृटिश-शासन से) पूर्व के युगों में तुम्हारे धर्म्म पर बहुत ही अत्याचार हुए हैं। किन्तु अब तुम्हें यह भय छोड़ देना चाहिए। हम कदापि तुम्हारे धर्म्म पर कोई हस्तक्षेप न करेंगे"।

मानते हैं, और जानते हैं कि, वेदनिष्ठा की विलुप्ति से सम्बन्ध रखने वाले बुद्धयुग से ही भारतराष्ट्र धर्म्मनिष्ठा को, तथा तदाधार पर प्रतिष्ठित नीतिनिष्ठा को उत्तरोत्तर विस्मृत करता हुआ धर्म्मभावुक, तथा नीतिभावुक ही बनता गया। परिणाम-

भोगकाल में इसने धर्म्म के नाम से, किंवा शासन के नाम से जो भी
:, तत्वत वे भावुकतापूर्ण ही आन्दोलन बने रहे इस राष्ट्र के, जिनके
र्म-नीति-निष्ठा का कोई सम्बन्ध न था। इसकी इसी धर्म्मभीरुता,
ावुकता मूला दासता ने इसे वृटिशयुग से पूर्व के युगों में भी पददलित ही
पड़ा। किन्तु अब तो राष्ट्रप्रजा को यह उद्बोधन प्राप्त कर ही लेना
ा कि, 'सर्वस्व घातक वृटिशयुग के समतुलन में तत्पूर्व के आक्र-
सर्वथा नगण्य ही थे'। क्योंकि उन आक्रमणों का न तो धर्म्म से ही
ध था, न अनीति से ही। अपितु उन आक्रमणों का एकमात्र बीज था
णा-समन्विता लोकैषणा (सम्पत्तिकामभोगानुगता विजयेच्छा")।

: है कि, उक्त आक्रमण प्रधानरूप से केवल राष्ट्रीय शरीर पर, एव
ंश पर्य्यन्त अधिक से अधिक मन पर आकर ही समाप्त होगए। फल-
उन युगों में राष्ट्रीय आत्मा तथा बुद्धि अपने आशिकरूप से बचे रह
ही कारण था कि, उन केवल मन-शरीर दासताप्रवर्तक पूर्वयुगाक्रम-
शासनवालों में मन और शरीर से परतन्त्र बना रहता हुआ भी राष्ट्र
तक बुद्धितन्त्र से स्वतन्त्र ही बना रहा। यही कारण है कि, बृटिशयुग से
: युगों में राष्ट्र में यत्र तत्र वैसी प्रचण्ड प्रतिमाएँ जागरूक बनतीं रहीं,
र्म्मनिष्ठ दिव्य प्रतिभाओं की समर्थ रामदास स्वामी, सन्त तुकाराम,
कौण्डदेव, छत्रपति शिवाजी, छत्रसाल, महाराणा प्रताप, राठौर-
र्गादास, राव चूँडावत, घोधाबाबा, बाणारली भीम, इत्यादि पवित्र
ाओं का सस्मरण कर करके आज भी भारतीय प्रजा अपने अन्तर्जगत् में
रूप से धर्म्मनिष्ठा के बीज अक्षुण्ण बनाये हुए है। एव जिनकी जागरूकता
ुमह से ही इस राष्ट्र की मूलनिष्ठाएँ अद्यावधि भी अक्षुण्ण ही बनीं
' है। और जैसा कि, इस राष्ट्र की संस्कृति के वाडवाग्नि का यह चिरन्तन
रेक इतिहास रहा है कि, "यह कालान्तर में विरोधी तत्वों का निग-
र उन्हें स्वस्वरूप में ही अन्तर्भूत कर लिया करती है" के
ा-नियमानुसार किरात-हूण-पुल्कस-खस-दरद-शक-यवन-आदि-
सभी आक्रान्ता कालान्तर में इसी राष्ट्रीय-संस्कृति की शक्तिच्छाया में

मोगकाल में इसने धर्म्म के नाम से, किंवा शासन के नाम से जो भी
:, तत्त्वतः वे भावुकतापूर्ण ही आन्दोलन बने रहे इस राष्ट्र के, जिनके
र्म-नीति-निष्ठा का कोई सम्बन्ध न था। इसकी इसी धर्म्मभीरुता,
ावुकता मूला दासता ने इसे बृटिशयुग से पूर्व के युगों में भी पददलित ही
पड़ा। किन्तु अब तो राष्ट्रप्रजा को यह उद्बोधन प्राप्त कर ही लेना
ा कि, 'सर्वस्व घातक बृटिशयुग के समतुलन में तत्पूर्व के आक्र-
सर्वथा नगण्य ही थे'। क्योंकि उन आक्रमणों का न तो धर्म्म से ही
ध था, न अनीति से ही। अपितु उन आक्रमणों का एकमात्र बीज था
णा-समन्विता लोकैषणा (सम्पत्तिकामभोगानुगता विजयेच्छा")।

है कि, उक्त आक्रमण प्रधानरूप से केवल राष्ट्रीय शरीर पर, एवं
श पर्य्यन्त अधिक से अधिक मन पर आकर ही समाप्त होगए। फल-
उन युगों में राष्ट्रीय आत्मा, तथा बुद्धि अपने आंशिकरूप से बचे रह
ी कारण था कि, उन केवल मनः-शरीर दासताप्रवर्त्तक पूर्वयुगाक्रम-
शासनकालों में मन और शरीर से परतन्त्र बना रहता हुआ भी राष्ट्र
त्म बुद्धितन्त्र से स्वतन्त्र ही बना रहा। यही कारण है कि, ब्रिटिशयुग से
युगों में राष्ट्र में यत्र तत्र वैसी प्रचण्ड प्रतिमाएँ जागरूक बनतीं रहीं,
र्मनिष्ठ दिव्य प्रतिमाओं की समर्थ रामदास स्वामी, सन्त तुकाराम,
कोण्डदेव, छत्रपति शिवाजी, छत्रसाल, महाराणा प्रताप, राठौर-
ादास, राव चूँडावत, घोघाबावा, बाणावली भीम, इत्यादि पवित्र
ओं का सस्मरण कर करके आज भी भारतीय प्रजा अपने अन्तर्जगत् में
रूप से धर्म्मनिष्ठा के बीज अक्षुण्ण बनाये हुए है। एवं जिनकी जागरूकता
ग्रह से ही इस राष्ट्र की मूलनिष्ठाएँ अद्यावधि भी अक्षुण्ण हीं बनीं
हैं। और जैसा कि, इस राष्ट्र की संस्कृति के जाठराग्नि का यह चिरन्तन
ेक इतिहास रहा है कि, "यह कालान्तर में विरोधी तत्त्वों का निग-
र उन्हें स्वस्वरूप में हीं अन्तर्भूत कर लिया करती है" के
-नियमानुसार किरात-हूण-पुल्कस-खस-दरद-शक-यवन-आदि-
सभी आक्रान्ता कालान्तर में इसी राष्ट्रीय-संस्कृति की शीतलछाया से

अपने क्षोभ को उपशान्त करते हुए यहीं के राष्ट्रमानव बन गए। औ सुनिश्चित था कि, राष्ट्रसौभाग्य से यदि अर्द्धशताब्दि-पर्यन्त भी इ सम्मान्य अतिथि यहाँ आतिथ्य-ग्रहण-करने का प्रलोभन न करते, तो का, इस अखण्ड भारतराष्ट्र का इतिहास कुछ दूसरा ही लिखा जा प्यालम्। व्यर्थ है अब अतीत की इस भावुकतापूर्णा चर्वणा में कालयापन अब तो 'स्थितस्य गतिश्चिन्तनीया' ही एकमात्र शरणीकरणीय मानवों के लिए।

धर्मरक्षा के प्रलोभन-व्याज से बृटिशसत्ता के द्वारा राष्ट्र को बुद्धिदासता महावरदानरूप में उपलब्ध हुई थी, जिस वरदान को लॉर्डमेकॉले महोदय ने संस्कृति के मूलप्राणप्रतिष्ठारूप वाराणसी क्षेत्र में जिस प्रतीच्य-शिक्षायन्त्र की प्रतिष्ठा से सुप्रतिष्ठित कर हमारी भावुकता सर्वविनाशात्मक अट्टहास ही अभिव्यक्त किया था-अपने एक प अपने एक केतुमालवर्षीय * (इङ्लैण्डदेशस्थ) अन्तरङ्ग मित्र के प्रति कि-"मित्र ! आज मैंने भारतराष्ट्र के वक्षस्थल पर जिस शिक्ष शिलान्यास कर दिया है, उस यन्त्र से यन्त्रित ये भारतीय आत्म मन-से सर्वात्मना अभारतीय ही बन जायँगे निकटभविष्य केवल शरीर ही शरीर इनका भारतीय रह जायगा। जिसे शरीरों के लिए योग्य भी नहीं मानते"। यही है उस धर्मरक्षा मार्मिक इतिहास, जिससे सर्वप्रथम प्रभावित हुए ये इस राष्ट्र के जो धर्म के द्वारा नीति के संरक्षक कहलाते आए हैं। और यही है बुद्धिदासतामूला 'राजभक्ति' का वह जघन्य दुर्वृत्त, जिसके अनुग्रह राष्ट्र की मूलसंस्कृति, नैष्ठिकधर्म, एवं धर्मानुगता नीति, परसंस्कृति-भावुकधर्म, एवं धर्मनिरपेक्षा अनीतिलक्षणा-नीति परिणत होते हुए हमें 'स्वतन्त्रता' शब्द के वास्तविक बोध से इस

---

* 'वर्षभुवनकोश' के पारिभाषिक शब्दानुसार इग्लैण्डप्रा भारतीय मापदण्ड के अनुपात से 'केतुमालवर्ष' ही कहलाया है

में भी पराङ्मुख बनाए हुए हैं। इसी 'राजभक्ति', उपनाम 'आत्मबुद्धि-' से हम महासूत्र का आविर्भाव कर डाला है कि-'को उ हो नृप-इमे नि'। ऐसे मावुकतापूर्ण आविष्कार को लक्ष्य बना कर ही तो नीतिनिपुण सता ने उक्त घोषणा के उद्घोष का साहस कर डाला था।

दित्य-नीति और धर्म्म के इस दुर्भाग्यपूर्ण पार्थक्य ने हीं आज हमारे व स्वतन्त्र राष्ट्र के द्वारा भी मानो उसी ब्रिटिश घोषणा का यह रूपान्तर इ महान् आदर्श ? ही इस राष्ट्र की राजभक्त-'प्रजा' के सम्मुख उद्घोषित वो पडा लॉर्डमेकॉले महोदय के तथोपवर्णित महावरदान को और भी दृढमूल बनाने के लिए कि-"भारत का यह संविधान-अर्थात् तन्त्र-शासनतन्त्र-सर्वथा धर्म्मनिरपेक्ष है"। यत्किञ्चित् भी तो नही है ब्रिटिश युग की उक्त घोषणा में, तथा वर्त्तमान संविधान की घोषणा में, जिन एवंविध धर्म्मनिरपेक्ष घोषणाओं का 'स्वतन्त्रभारत' से सम्बन्ध नहीं माना जा सकता। ऐसी घोषणाओं का तो 'परतन्त्र' भारतवर्ष सम्बन्ध माना जायगा। कदापि स्वप्न में भी "सार्वभौम-प्रभुसत्तासमर्थ-न्त्रिस्यतन्त्र-गणतन्त्रात्मक प्रजातन्त्र" जैसी लोकोत्तरा विशिष्ट-अभिधा से पित स्वतन्त्र भारतराष्ट्र के संविधान के साथ 'धर्म्मनिरपेक्षिता' का कोई मन्वय प्रतीत नहीं हो रहा। निरतिशयरूपेण अश्रुपूर्णाकुलेक्षण हीं बन रहीं आज की तटस्थ राष्ट्रीयप्रज्ञाएँ भारतराष्ट्र की आत्मबुद्धिदासतामूला इस ग्रान-घोषणा के श्रवण-कीर्त्तन से ?।

और राष्ट्र के ये संस्कृतिनिष्ठ विद्वान् ? क्या कर रहे होंगे ?, क्या कर रहे हैं उक्त घोषणा के सम्बन्ध में ?, क्या अर्थ समझा हैं इस घोषणा का अपने सांस्कृतिक-साहित्यिक-सन्देशों से ?। प्रश्न का स्पष्ट-स्पष्टतर-स्पष्टतम है। जिनके शरीर-मन-बुद्धि, एवं कर्म्मभोक्ता सरका-त भोक्तात्मा (देही जीवात्मा) नामक तन्त्रों में परःशताब्दियों से पूर्वकथनानुसार मनुद्धिदासतामूला, अतएव केवल वित्तैषणागर्भिता लोकैषणात्मिका जो भक्ति' अन्तर्य्यामसम्बन्ध से बद्धमूला प्रमाणित हो चुकी है, वे उक्त प्रश्नों कैसा, और क्या समन्वय करेंगे ?, यह तो आज के इस आपद्धर्म्मयुगात्मक

धर्मग्लानियुग में प्रज्ञाशीलों को मुकुलितनयनवृत्ति से स्वयं अपने ही पूँछना चाहिए।

आज तो अन्तर्यामी भी यही समाधान करेंगे जिसका-'यथाज्ञापयति' से सम्बन्ध है, एवं जिस इस वाक्य के हमारे प्रान्त के तत्तद्विशेष नगरों, पुरों में आत्मबुद्धिमन.शरीरदासतासूचक-'खमा घणी'-'अन्नदाता'-'जी' 'मोटो हुकुम',-तथा-अन्यत्र-'जी सरकार'-'यस्-सर'—इत्यादि प्रचलित हैं। यही तो तत्व है उस 'राजभक्ति' का, जो यहाँ की भावुक विशेषतः सस्कृतिनिष्ठ ! विद्वानों का मूलमन्त्र रहा है। तभी तो गोमाता में तल्लीन यहाँ के विद्वानों ने हीं सम्भवतः अनन्य गौरक्षक ! ब्रिटिश प्रति अपनी राजभक्ति के प्रसून समर्पित किए थे तत्-शासनयुग में। वही धर्मराज्य ! था इनकी दृष्टि में !। उस युग में विशुद्ध 'एकेश्वरवाद' को आगेकर 'राजा' को ये 'ईश्वर' का ही प्रतिनिधि मानते हुए राष्ट्रीय को राजभक्ति के विरुद्ध प्रमाणित करते हुए यत्किञ्चित् भी तो लज्जा का अनुभव करते थे।

इस सहजसिद्धा राजभक्ति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आज भी इस भक्तिप्रदर्शन के द्वारा सत्ता का अनुग्रह प्राप्त करने के अतिरिक्त भी क्या की जा सकती है इन सस्कृतिरक्षक ! लेखक-प्रचारक-अभिनव वि जो विद्वान राष्ट्रीय विद्वान्, राष्ट्रकवि, आदि सम्मानित उपाधियों से हैं। कल के 'राजा' भक्त आज वे ही तो 'प्रजा' भक्त, एवं राजाविरोध हो रहे हैं अपनी सद्य प्रसूता अभिनव वेशभूषा के प्रदर्शन से, अपनी लेखिनी से, एवं क्रान्तिकारिणी कविताओं से ! विशुद्ध ! राजभक्त (गण प्रजातन्त्रभक्त) वर्त्तमानकालश इत्थभूत अभिनव विद्वानों, तथा कवियों ही करते रहना चाहिए उन तटस्थ आस्थाश्रद्धाशील तटस्थ जिनकी उपासना का सदा से वह 'पुराणी प्रज्ञा' ही मूलके जिसके आधार पर इस राष्ट्र की मूलप्रकृति प्रतिष्ठित मानी गई है लोकनीतितन्त्र में 'गतानुगतिको लोकः-न [illegible]

। भी लोकसम्प्रद्दष्टि से अवसरविशेषों में समादर ही किया है यहाँ की चिरन्तना राणीप्रज्ञा ने भी। किन्तु······ ?

किन्तु मूलसम्कृति के व्याज मे, तदभिन्न धर्म्मव्याज से जब यह गतानुतिकता र्णाकर्णिपरम्परया श्रुतोपश्रुत हो पड़ती है, तो सहसा सर्वस्वघातक किन्तु ?' परन्तु ?, । उद्गम हो ही तो पड़ता है। आजतक जिस वेदपुराणशास्त्र के माध्यम से नतुराअनात्मक राजतन्त्र के समर्थक वचनों का उद्घोष कर रहे थे यहाँ के विद्वान्, ही उसी शास्त्र के माध्यम से आज उन वचनों के न केवल अन्वेषण के लिए ो आतुर हैं, अपितु ढूँढ निकाले हैं वैसे वचन ! भी, जिनसे वे ही कल के ाजभक्त, किन्तु आज के गणतन्त्रभक्त भारतीय शास्त्र के माध्यम से तो गणतन्त्र' का उद्घोष समर्थन करने लग पड़े हैं, एवं गणतन्त्र की धर्म्मनिरपेक्षा-ासननीति के समर्थन के लिए शास्त्रो में पठित 'धर्म्म' शब्द का अपनी लोकप्रज्ञा के बल पर 'नीति' परक अर्थ उद्घोषित करने लग गए हैं। कतिपय शताब्दियों से इस देश के विद्वानों की प्रज्ञा निष्ठापथ से च्युत होती हुई शासन से प्रभावित होकर अपनी गतानुगतिकता का ही परिचय देती आ रही है। इसीलिए तो भारतीय धर्म्म, और नीति का मौलिक स्वरूप आज आवृत हो रहा है।

सत्ता का समादर एक पक्ष है, एवं तथ्य का विश्लेषण अन्य पक्ष है। वर्त्तमान सत्तातन्त्र अपने आपको धर्म्मनिरपेक्ष घोषित कर रहा है आज। एतावता ही हम अपने मूलसत्य को सत्तातन्त्र के तात्कालिक अनुरञ्जनमात्र के लिए अन्यथा समन्वित करने लग पड़ें, यह कदापि न तो धर्म्मसम्मत पक्ष ही है, नापि नीति-सम्मत पक्ष ही। यह ठीक है कि-धर्म्म को आधार बनाने वाली नीति धर्म्म की सीमा से बहिर्भूत नहीं है। अतएव नीति को भी धर्म्म कहा जा सकता है, कहा गया है। इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि-'नीतिप्रधान जीवन को ही प्राचीन परिभाषा में 'धर्म्म' कहा जाता था'। धर्म्म का अपना स्वतन्त्र स्थान है, नीति का स्वतन्त्र स्थान। जब जब भी यहाँ के शासक ने अपनी नीति में से धर्म्म को पृथक् कर दिया है, तब तब ही उसकी नीति यहाँ अनीति-अधर्म्म बन गई है। वर्त्तमान सत्तातन्त्र धर्म्म के मौलिक स्वरूप से वञ्चित है, इसमें सत्तातन्त्र का

धर्म्मग्लानियुग में प्रज्ञाशीलों को मुकुलितनयनवृत्ति से स्वय अपने ही पूँछना चाहिए।

आज तो अन्तर्य्यामी भी यही समाधान करेंगे जिसका-'यथाज्ञापयति' से सम्बन्ध है, एवं जिस इस वाक्य के हमारे प्रान्त के तत्तद्विशेष नगरों में युगों में आत्मबुद्धिमन.शरीरदासतासूचक-'खमा घणी'-'अन्नदाता'-'जी 'मोटो हुकुम',-तथा-अन्यत्र-'जी सरकार'-'यस् सर'-इत्यादि प्रचलित हैं। यही तो तत्त्व है उस 'राजभक्ति' का, जो यहाँ की भावुक! विशेषतः संस्कृतिनिष्ठ ? विद्वानों का मूलमन्त्र रहा है। तभी तो गौमाता में तल्लीन यहाँ के विद्वानो नें ही सम्भवतः अनन्य गौरक्षक ? ब्रिटिश प्रति अपनी राजभक्ति के प्रसून समर्पित किए थे तत्-शासनयुग में। वही धर्म्मराज्य ? था इनकी दृष्टि में ?। उस युग में विशुद्ध 'एकेश्वरवाद' को आगेकर 'राजा' को ये 'ईश्वर' का ही प्रतिनिधि मानते हुए राष्ट्रीय क को राजभक्ति के विरुद्ध प्रमाणित करते हुए यत्किञ्चित् भी तो लज्जाका अ करते थे।

इस सहजसिद्धा राजभक्ति को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए आज भी इस भक्तिप्रदर्शन के द्वारा सत्ता का अनुग्रह प्राप्त करने के अतिरिक्त ? भी क्या की जा सकती है इन सस्कृतिरक्षक ? लेखक-प्रचारक-अभिनव वि जो विद्वान राष्ट्रीय विद्वान्, राष्ट्रकवि, आदि सम्मानित उपाधियों से हैं। कल के 'राजा' भक्त आज वे ही तो 'प्रजा' भक्त, एव राजाविरोध हो रहे हैं अपनी सद्य प्रसूता अभिनव वेशभूषा के प्रदर्शन से, अपनी लेखिनी से, एव क्रान्तिकारिणी कविताओं से। विशुद्ध ? राजभक्त (गण प्रजातन्त्रभक्त) वर्त्तमानकालज इत्थंभूत अभिनय विद्वानों, तथा कवियों ही करते रहना चाहिए उन तटस्थ आस्थाश्रद्धाशील सटस्थ प्र जिनकी उपासना का सदा से वह 'पुराणी प्रज्ञा' ही मूलकेन्द्र जिसके आधार पर इस राष्ट्र की मूलसंस्कृति प्रतिष्ठित मानी गई है लोकनीतितन्त्र में 'गतानुगतिको लोकः-न लोकः पारमार्थिकः' ।

। भी लोकप्रज्ञा से अवसरविशेषों में समादर ही किया है यहाँ की चिरन्तना राणीप्रज्ञा ने भी । किन्तु...... ?

किन्तु मूलसंस्कृति के व्याज से, तदभिन्न धर्मव्याज से जब यह गतानुगतिकता एवर्षिपरम्परया श्रुतोपश्रुत हो पड़ती है, तो सहसा सर्वस्वघातक किन्तु ?' परन्तु ?', । उद्गम हो ही तो पड़ता है । आजतक जिस वेदपुराणशास्त्र के माध्यम से नुशासनात्मक राजतन्त्र के समर्थक वचनों का उद्घोष कर रहे थे यहाँ के विद्वान्, ही उसी शास्त्र के माध्यम से आज उन वचनों के न केवल अन्वेषण के लिए आतुर हैं, अपितु ढूँढ निकाले हैं वैसे वचन ! भी, जिनसे वे ही कल के जभक्त, किन्तु आज के गणतन्त्रभक्त भारतीय शास्त्र के माध्यम से तो गणतन्त्र' का उद्घोष-समर्थन करने लग पड़े हैं, एवं गणतन्त्र की धर्मनिरपेक्षा-शासननीति के समर्थन के लिए शास्त्रों में पठित 'धर्म' शब्द का अपनी लोकप्रज्ञा के बल पर 'नीति' परक अर्थ उद्घोषित करने लग गए हैं । कतिपय शताब्दियों से इस देश के विद्वानों की प्रज्ञा निष्ठापथ से च्युत होती हुई शासन से प्रभावित होकर अपनी गतानुगतिकता का ही परिचय देती आ रही है । इसीलिए तो भारतीय धर्म, और नीति का मौलिक स्वरूप आज आवृत हो रहा है ।

सत्ता का समादर एक पक्ष है, एवं तथ्य का विश्लेषण अन्य पक्ष है । वर्त्तमान सत्तातन्त्र अपने आपको धर्मनिरपेक्ष घोषित कर रहा है आज । एतावता ही हम अपने मूलसत्य को सत्तातन्त्र के तात्कालिक अनुरञ्जनमात्र के लिए अन्यथा समन्वित करने लग पड़ें, यह कदापि न तो धर्मसम्मत पक्ष ही है, नापि नीतिसम्मत पक्ष ही । यह ठीक है कि–धर्म को आधार बनाने वाली नीति धर्म की सीमा से बहिर्भूत नहीं है । अतएव नीति को भी धर्म कहा जा सकता है, कहा गया है । इसका यह अर्थ कदापि नहीं कि–'नीतिप्रधान जीवन को ही प्राचीन परिभाषा में 'धर्म' कहा जाता था' । धर्म का अपना स्वतन्त्र स्थान है, नीति का स्वतन्त्र स्थान । जब जब भी यहाँ के शासक ने अपनी नीति में से धर्म को पृथक् कर दिया है, तब तब ही उसकी नीति यहाँ अनीति-अधर्म बन गई है । वर्तमान सत्तातन्त्र धर्म के मौलिक स्वरूप से वंचित है, इसमें सत्तातन्त्र का

इसलिए कोई अपराध नहीं माना जा सकता कि, धर्मस्वरूपव्याख्याता यहाँ के विद्वानों नें भी स्वय हीं अपने आपको गतानुगतिक-भावापन्ना नीति का अनुगामी बना लिया है। अतएव वर्त्तमान 'गणतन्त्र' के समर्थन के लिए वे कभी शास्त्रों में तदुपोद्बलक वचन ढूँढ निकालने के लिए प्रयत्नशील हैं, तो कभी नीति के साथ 'प्राचीन परिभाषा' जैसा व्यामोहक वाक्य जोड़ कर गणतन्त्र के वर्त्तमान धर्मनिरपेक्ष नीतिपथ के समर्थन के लिए आतुर हैं। 'न व्याजेन धर्ममाचरेत्' ही इस देश के विद्वानों की चिरन्तन शैली रही है, फिर इस शैली से इन्हें दण्डित होना पड़े, अथवा तो सम्मानित। फिर तो हम उन विद्वानों की आलोचना का क्या अधिकार रखते हैं, जिन्होंनें निकट-अतीत में हीं बृटिशसत्ता के प्रत्येक नीतिपथ को धर्मपथ ही घोषित करते रहने की महती भ्रान्ति की थी। अतएव

क्या 'धर्म' शब्द कोई स्वतन्त्र मौलिक अर्थ नहीं रख रहा ?। 'यतो धर्माणि धारयन्' इस वेदमन्त्र के 'धर्म' शब्द से क्या गणतन्त्रशासन की 'नीति' ही अभिप्रेत है ?। यही अवस्था गणतन्त्र-समर्थक-वचनों की है। महाभारत के 'पारमेष्ठ्यराज्य' का क्या गणतन्त्र अर्थ है ?। सौर-इन्द्रराज्य से सम्बन्ध रखने वाले राजसूययज्ञात्मक लौकिक मूर्त्त-व्यक्त-भौतिक विश्वराज्य के, तथा सूर्य्य से ऊर्ध्व अवस्थित पारमेष्ठ्य बृहस्पतिराज्य से सम्बन्ध रखने वाले वाजपेययज्ञात्मक अलौकिक-अमूर्त्त अव्यक्त विश्वेश्वरराज्य के समतुलन से सम्बन्ध रखने वाले व्यक्तिमूलक, अतएव पारमेष्ठ्य महद्ब्रह्मानुगत अव्ययात्म-राज्य के समर्थन में हीं तत्प्रकरण में—'गृहे गृहे हि राजान' वाक्य समाविष्ट हुआ है। और यही पारमेष्ठ्य राज्य है, आत्मराज्य है, जिसके लिए 'सर्वा दिशो बलिमस्मै हरन्ति' घोषणा हुई है। अस्तु विषयान्तर है यह, जिसका अन्यत्र स्पष्टीकरण कर दिया गया है।

निवेदन यही करना है कि,—कदापि ऐसे परसापेक्ष प्रयत्नों से मूलसंस्कृति की प्राणप्रतिष्ठा सम्भव नहीं है। मान लेते हैं शास्त्रों में 'गणराज्यों' * का भी वर्णन

---

* महाभारत-शान्तिपर्व-राजधर्मप्रकरण-१०७ वें अध्याय के गणात्मक वर्णन को यदि थोड़ी देर के लिए अभ्युपगमवाद से सर्वश्री जायसवाल महोदय

है। एवं यन्त्रतत्र नीति को भी धर्म्म कहा गया है। यह सब कुछ ठीक ठीक होने पर भी हमें यह तो स्मरण रखना ही होगा कि, वर्त्तमान भारत का संविधान जिस गणतन्त्र की घोषणा कर रहा है, एवं जिस नीति को धर्म्मनिरपेक्ष बतला रहा है,

---

की मान्यता के अनुसार 'गणतन्त्र' परक मान भी लिया जाय, तब भी वर्गभेदभिन्न-धर्म्मनिरपेक्ष-वर्त्तमान गणतन्त्रात्मक-प्रजातन्त्र का तो उस प्रकरण से भी समर्थन सम्भव नहीं है, जिसका आरम्भ ही चातुर्वर्ण्य, तथा धर्म्म से हुआ है। देखिए !

युधिष्ठिर उवाच

ब्राह्मणक्षत्रियविशां शूद्राणाञ्च परन्तप !
धर्म्मवृत्तं च वित्तं च वृत्युपायाः फलानि च ॥
गणानां वृत्तमिच्छामि श्रोतुं मतिमतांवर !

धर्म्मशील युधिष्ठिर के उक्त प्रश्न करने पर धर्म्म के सूक्ष्म रहस्यवेत्ता महात्मा भीष्म ने जो समाधान किए हैं, उनमें विस्तार से गणों की जीवनपद्धति का स्वरूप विश्लेषण हुआ है, जिससे सम्बन्ध रखने वाले निम्न लिखित कतिपय वचनों को विस्मृत कर कदापि इनके आधार पर धर्म्मनिरपेक्ष-गणतन्त्र को समर्थन नहीं दिलाया जा सकता।

तस्मात् संघातयोगेन प्रयतेरन् गणाः सदा ।
धर्म्मिष्ठान्-व्यवहारांश्च स्थापयन्तश्च शास्त्रतः ।
यथावत् प्रतिपश्यन्तो विवर्द्धन्ते गणोत्तमाः ।
द्रव्यवन्तश्च शूराश्च शस्त्रज्ञाः-'शास्त्र' पारगाः ।
कृच्छ्रास्वापत्सु सम्मूढान् गणाः सन्तारयन्ति ते ॥
—इत्यादि ।

स्पष्ट ही उक्त वचन मान्यतानुगत गणतन्त्र की मूलाधारभूता धर्म्मनिष्ठा, एवं तत्पोषिका शास्त्रनिष्ठा का ही समर्थन कर रहे हैं।

वह उसका अपना कौशल ही माना जा सकता है। वह अच्छा है ?, या बुरा यह तो हम नहीं जानते। किन्तु यह स्पष्टतम है कि वेद-पुराण-महाभ मनुस्मृत्यादि में जिन राज्यतन्त्रों का विश्लेषण हुआ है, जिन धर्ममूला नै का उपबृंहण हुआ है, उनके साथ तो वर्त्तमान गणतन्त्र का, एवं धर्मनिरपेक्षा नीति का स्वप्न में भी यत्किञ्चित् भी तो सम्पर्क नहीं है। केव नामसाम्य से समतुलन करने का ही यह दुष्परिणाम हुआ है कि, उसी एक निगमागमपुराणस्मृतिशास्त्र को आधार बना बना कर भारत में वैसे अने मतवाद आविर्भूत हो पडे हैं, जिनसे मूलसंस्कृति का स्वरूप उत्तरोत्तर अभिभूत होता गया है।

